दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 3 | आंचलिक | 4 | अभिव्यक्ति | 6 | छत्तीसगढ़ | 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2017/72749 | भोपाल, गुरूवार 14 मार्च 2024, वर्ष-7 अंक- 274 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे गरीब के खाते में आयेगा

पीएम सूरज पोर्टल वंचित वर्ग के लिए मददगार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

प्रधानमंत्री मोदी ने किया पीएम-सूरज पोर्टल का शुभारंभ

भोपाल/नवप्रदेश। भारत सरकार की योजनाओं के साथ अन्य योजनाओं का पैसा गरीब के खाते में सीधे पहुंचेगा। अब न कोई बिचौलिया, न कमीशन लेने वाला होगा और सिफारिश के लिए किसी गरीब को चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी। पीएम-सूरज पोर्टल के जरिए वंचित समुदाय में लोगों का आर्थिक सहायता दी जायेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) पोर्टल का शुभारंभ किया । उन्होने कहा कि राष्ट्रवासी मेरे परिवार के सदस्य हैं। नागरिक भी अब कहने लगे हैं कि हम मोदी का परिवार हैं। सरकार पिछले 10 वर्षों से नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव

लाने के लिए काम कर रही है। नारी सम्मान और सशक्तिकरण हमारे संकल्प का हिस्सा है। देश के करीब सवा पांच सौ जिलों के हितग्राही वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। अनेक योजनाओं के हितग्राही लाभांन्वित किए गए।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य है। इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि पूर्व वर्षों में वंचित वर्ग के महत्व को समझा नहीं गया। एक दूषित मानसिकता बन गई थी। उस मानसिक दीवार को अब तोड़ दिया गया है। निर्धन तबके के लोगों की कई पीढ़ियों ने अपना जीवन मूलभूत सुविधाओं के बिना ही बिता दिया। वर्ष 2014 से सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर अमल किया जा रहा है। सरकार लोगों तक पहुंच रही है। एक समय था जब राशन प्राप्त करना ही मुश्किल होता था। अनुसूचित **शेष पृष्ठ 5 पर**

आज बेबाक

अपने ही घर में बेगाने बन गए शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने के लिए सीएए लागू हो गया। इसे लेकर कहीं खुशी कहीं गम वाली स्थिति बन गई है। बात तो यह खुशी की ही है। लेकिन दुखी आत्माएं भला कैसे खुश हो सकती हैं? बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ तूंबा-तूंबा, डूंबा डूंबा, बूंबा-बूंबा करते हुए बकायदा मार्च ही निकाल दिया है। जबकि उसी बंगाल में शरणार्थियों ने जमकर जश्न मनाया। रूदाली गैंग को यह नहीं भूलना चाहिए की भीगी बिल्लियां चाहे जितनी भी जोर से छींके पहाड़ नहीं गिरने वाला।

जजों के तबादले, न्यायिक सेवा के अफसरों की जिम्मेदारी बदली

रायपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने बड़ी संख्या में न्यायिक सेवा के अधिकारियों व जजों के तबादले किये हैं।

बलराम प्रसाद वर्मा को विजिलेंस का रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं सिराजुद्दीन कुरैशी को ज्यूडिशियल अकादमी बिलासपुर का डायरेक्टर बनाया गया है। वहीं आलोक कुमार को रजिस्ट्रार (आई एंड ई), विवेक कुमार वर्मा को एडिश्नल रजिस्ट्रार (डीई एंडी ई), वेंसलेस **ठ शेष पृष्ठ 6 पर**

सहायक कलेक्टर के तौर पर 4 नए आईएएस की पोस्टिंग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को 4 आईएएस अधिकारी मिले हैं। राज्य शासन द्वारा लाल बहादुर

शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के 4 अधिकारियों के पदस्थापना का आदेश जारी किया गया है। मसूरी में प्रथम दौर के प्रशिक्षण के बाद राज्य में प्रशिक्षण के लिए चारों अफसरों को सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। राज्य में प्रशिक्षण **ठ शेष पृष्ठ 6 पर**

घेराबंदी कर हथियार के साथ जशपुर में नक्सली गिरफ्तार

जशपुर/नवप्रदेश। जिले के माओवाद क्षेत्र नारायणपुर से बड़ी खबर आई है, जहां हार्डकोर

नक्सली हथियार के साथ गिरफ्तार हुआ है। जानकारी अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के कर्मा गांव में जेजे एमपी के सरगना नक्सली अपने साथियों के साथ छुपा था। वहीं पुलिस नक्सलियों को पकड़ने के लिए जशपुर, बलरामपुर और झारखंड की टीम एक साथ घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। इन नक्सलियों के पास से 147 जैसे हथियार

शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 906 अंक टूटा, निफ्टी 22000 से फिसला

मुंबई। शेयर बाजार आज बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबारी सेशन के दौरान बीएसई सेंसेक्स 1,100

अंक टूटकर 73,000 के लेवल से नीचे आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी भी 22,000 से नीचे आ गया। हालांकि बाजार में थोड़ी खरीदारी भी देखने मिली. सेंसेक्स 906.07 (1.22%) अंकों की गिरावट के साथ 72,761.89 के लेवल पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 338.00 (1.51%) अंक फिसलकर 21,997.70 के स्तर पर बंद हुआ।

कांग्रेस के पूर्व विधायक चौधरी गंभीर सिंह भाजपा में शामिल

गंभीर सिंह ने कहा- राहुल गांधी ने अयोध्या न जाकर गलती की; 60 डॉक्टर भी बीजेपी में शामिल

भोपाल/नवप्रदेश। कमलनाथ के करीबी और चौरई से कांग्रेस के पूर्व विधायक चौधरी गंभीर सिंह ने बुधवार को बीजेपी की सदस्यता ली। भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, बीजेपी की न्यू जॉइनिंग टोली के संयोजक डॉ.नरोत्तम मिश्रा, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने चौधरी गंभीर सिंह के साथ आए नेताओं को बीजेपी की सदस्यता दिलाई। छिंदवड़ा के अलावा कटनी, मुरैना के कांग्रेस नेताओं और 12 जिलों के 60 डॉक्टरों के साथ 20 फॉर्मासिस्टों ने बीजेपी का दामन थामा।

बीजेपी जॉइन करने के बाद पूर्व विधायक चौधरी गंभीर सिंह ने कहा-

मैं छिंदवाड़ा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहा। 20 साल रघुवंशी समाज का अध्यक्ष भी रहा। मैं प्रदेश कांग्रेस का महासचिव भी रहा हूं। सिवनी, बैतूल का जिला प्रभारी भी रहा। पिछले 37 साल से कांग्रेस के साथ था। आज भाजपा में शामिल हो रहा हूं।

राहुल गांधी ने अयोध्या न जाकर गलती की

गंभीर सिंह ने कहा कि सबने देखा कि जैसे ही भगवान श्री राम का मंदिर बना। फैसला आया और मंदिर बना। मोदी जी ने इसका उद्घाटन किया। निमंत्रण हमारी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को दिया। उन्होंने निमंत्रण अस्वीकार कर दिया। यह सुनकर बहुत दुख हुआ। अभी राहुल गांधी जब न्याय यात्रा में यूपी में थे तब उनको मंदिर जाना था। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया यह श्री राम का देश और गांधी जी के रास्ते से कांग्रेस भटक गई है। यह मुझे महसूस हुआ। **शेष पृष्ठ 5 पर**

एमपी की बची 5 सीटों पर भी बीजेपी प्रत्याशी घोषित

इंदौर से लालवानी, उज्जैन से फिरोजिया रिपीट, छिंदवाड़ा से बंटी साहू प्रत्याशी

भोपाल/नवप्रदेश। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इनमें मध्यप्रदेश की बाकी बची 5 सीटों पर भी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है। इंदौर से शंकर लालवानी और उज्जैन से अनिल फिरोजिया को टिकट दिया गया है। छिंदवाड़ा से विवेक बंटी साहू, बालाघाट से भारती पारधी और धार से सावित्री ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है।

छिंदवाड़ा से बीजेपी ने विवेक बंटी साहू को प्रत्याशी बनाया है। उनका मुकाबला छिंदवाड़ा के मौजूदा सांसद और पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ से होगा। विवेक बंटी साहू भाजपा के जिला अध्यक्ष हैं। वह 2019 में छिंदवाड़ा सीट पर उपचुनाव में कमलनाथ के खिलाफ चुनाव लड़े थे। तब वे करीब 25 हजार वोटों से हार गए थे। बीजेपी ने अपनी दूसरी लिस्ट में मध्यप्रदेश में दो मौजूदा सांसदों को रिपीट किया है। इंदौर से **शेष पृष्ठ 5 पर**

सावधान.. बीपी-शुगर के बाद अब कैंसर की भी नकली दवाई

- रैकेट का हुआ भंडाफोड़, 7 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। मोटी कमाई के लिए लोग किस हद तक गिर जाते हैं इसका बड़ा उदाहरण सामने आया है। स्वास्थ्य से जुड़े मामले में भी कमाई का बड़ा जरिया ढूंढ लिया गया। जीवन और मौत के बीच जूझ रहे मरीजों को नकली दवाई सप्लाई की जा रही थी। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस मामले से जुड़े एक बड़े नकली ड्रग रैकेट का भंडाफेड़ किया है।

इस रैकेट में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो आरोपी दिल्ली के एक बड़े कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल नौ ब्रांड की नकली कैंसर दवाएं बरामद की हैं। इनमें से सात दवाएं विदेशी ब्रांड की हैं जबकि दो भारत की नकली दवाएं हैं।

शुरूआती जांच में पाया 4 जगह से चलाया जा रहा था नेटवर्क

क्राइम ब्रांच की टीम ने जब जांच शुरू की तो इस पूरे रैकेट का नेटवर्क चार अलग-अलग जगहों से चलाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों को पकडने् चार जगहों पर एक साथ छापेमारी की। इनमें मोती नगर, दिल्ली का **ठ शेष पृष्ठ 5 पर**

ऐसे करते थे तैयारी

पुलिस के मुताबिक आरोपी अस्पताल के मरीजों से कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन की खाली बोतलें इकट्ठी करते थे। उसके बाद बोतलों में एंटीफंगल दवा भरकर बेच देते थे। आरोपी दिल्ली के बाहर खासकर हरियाणा, बिहार, नेपाल या अफ्रीकी देशों से आने वाले मरीजों को अपने जाल में फंसाते थे। मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम विफल जैन, सूरज शत, नीरज चौहान, परवेज़, कोमल तिवारी, अभिनय कोहली और तुषार चौहान शामिल हैं। इनमें से नीरज गुरुग्राम का रहने वाला है, जबकि बाकी छह दिल्ली के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की स्पेशल कमिश्नर शालिनी सिंह ने बताया कि उनकी टीम को जानकारी मिली है कि दिल्ली में एक गिरोह सक्रिय है, जो मरीजों को कैंसर की नकली दवाएं सप्लाई कर रहा है। इसके बाद आरोपी को पकडने् के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया।

सुप्रीम लताड़.. एसबीआई का हलफनामा, पार्टियों ने कराया बॉन्ड कैश

नई दिल्ली (ए.)। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय की लताड़ के बाद बुधवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट फाइल की। एसबीआई ने हलफनामा में बताया, पार्टियों ने 22,030 का बॉन्ड कैश कराया है।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को फैसला सुनाते हुए एसबीआई से इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी पूरी जानकारी देने को कहा था। काफी टालमटोल के बाद एसबीआई ने एससी और ईसीएल को

पेन ड्राइव में दो पीडीएफ फाइलें दी।

हलफनामे के अनुसार ये बात सामने आई : एसबीआई के हलफनामे के अनुसार, एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक 22 हजार 217 इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए। इनमें से 22,030 बॉन्ड का पैसा राजनीतिक पार्टियों ने कैश करा लिया है। पार्टियों ने 15 दिन की वैलिडिटी के भीतर 187 बॉन्ड को कैश नहीं किया, उसकी रकम प्रधानमंत्री राहत कोष में ट्रांसफर कर दी गई।

एसबीआई चेयरमैन ने कहा- हमने ईसीएल को पेन ड्राइव में दो फाइलें दी हैं। एक फाइल में बॉन्ड खरीदने वालों **शेष पृष्ठ 5 पर**

हरियाणा के नए सीएम नायब सैनी ने विश्वास मत जीता

चंडीगढ़। हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार (13 मार्च) को विधानसभा में ध्वनि मत से फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। विश्वास प्रस्ताव में चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता पूर्व ष्टरू भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सीक्रेट वोटिंग कराने की मांग की थी, लेकिन स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने इसे नहीं माना। फ्लोर टेस्ट के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे से खाली हुई करनाल सीट से अब सीएम नायब सिंह सैनी उपचुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री सैनी ने जैसे ही विश्वास प्रस्ताव पेश किया, उनकी पूर्व सहयोगी पार्टी जननायक जनता पार्टी (छ्छ्क्क) के सभी 10 विधायक सदन से बाहर चले गए। एक निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू भी कार्यवाही छोड़कर चले गए।

सीएम के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

सीएम नायब सैनी के खिलाफ एडवोकेट जगमोहन भट्टी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। उन्होंने **शेष पृष्ठ 5 पर**

इंस्पेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक को जड़ा थप्पड़, किताब को लेकर उपजा विवाद

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर हाईस्कूल के विशिष्ट छात्रावास में मंगलवार को पुलिस निरीक्षक ने छात्रावास अधीक्षक के साथ मारपीट कर दी। छात्रावास के बच्चे स्टोर रूम में रखी किताबें खिड़की से निकालकर अपने पास रख रहे थे।

इसी दौरान अधीक्षक पल्लव झा ने कमरों की तलाशी ली और किताबों को अपने पास रख लिया। इसकी जानकारी उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को भी दी। शिक्षा अधिकारी ने इस पर एफआईआर करवाने की बात कही। इसके बाद पल्लव ने स्टोर

रूम प्रभारी लालाराम लहरे को जानकारी दी।

लहरे अपने साथ पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक जितेंद्र कोशले को लेकर पहुंचे। इसी बीच निरीक्षक कोशले व अधीक्षक पल्लव में विवाद हो गया और कोशले ने पल्लव को बच्चों के सामने ही थप्पड़ मार दिया व धक्का-मुक्की की। **ठ शेष पृष्ठ 5 पर**

गरमा-गरम

सियासी चाल... कांग्रेस का ऐलान चुनाव से पहले गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना मदद, सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण का वादा

चुनाव से पहले कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी योजना

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले बुधवार को कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी योजना का वादा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर इसका ऐलान किया। इसके तहत कांग्रेस ने गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की मदद का वादा किया है। साथ ही कहा कि सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को आधा हक दिया जाएगा।

खड़गे बोले- हमारी गारंटी खोखले वादे नहीं होते

खड़गे ने कहा कि इसके पहले हमने भागीदारी न्याय, किसान न्याय और युवा न्याय घोषित किए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि कहने की जरूरत नहीं कि हमारी गारंटी खोखले वादे और जुमले नहीं होते। हमारा कहा पत्थर की लकीर होता है। यही हमारा 1926 से अब तक का रिकॉर्ड है, जब हमारे विरोधियों का जन्म हो रहा था तब से हम मैनिफेस्टो बना रहे हैं और उन घोषणाओं को पूरा कर रहे हैं।

इससे पहले खड़गे ने मंगलवार को उन दावों को खारिज किया था कि पार्टी के वरिष्ठ नेता **शेष पृष्ठ 5 पर**

कांग्रेस की यह है 5 योजनाएं

- **महालक्ष्मी गारंटी**- इसके तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।
- **आधी आबादी-पूरा हक**- इसके तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा।
- **शक्ति का सम्मान**- इस योजना के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा।
- **अधिकार मैत्री**- पंचायत में महिलाओं को उनके हक के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए अधिकार एक पैरा-लीगल यानी कानूनी सहायक नियुक्ति।
- **सावित्री बाई फुले हॉस्टल**- जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए एक हॉस्टल बनाएंगे और पूरे देश में इसकी संख्या दोगुनी की जाएगी।

राहुल-प्रियंका की उम्मीदवारी पर सस्पेंस बरकरार, गांधी परिवार ही लेगा आखिरी फैसला

लखनऊ(ए.)। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की 2 लिस्ट जारी कर चुकी है. पहली लिस्ट में 39 तो दूसरी सूची में 43 नामों का ऐलान किया गया है। लेकिन अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस की तरफसे कौन चुनावी ताल ठोकेगा, इसे लेकर तस्वीर साफनहीं है. सूत्रों की मानें तो पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी अमेठी-रायबरेली सीटों के लिए राहुल-प्रियंका का नाम प्रस्तावित कर सकती है, लेकिन अंतिम फैसला गांधी परिवार पर छोड़ा गया है।

कांग्रेस की अब तक 2 ष्टश्वष्ट बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश अभी भी चर्चा में शामिल नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक राज्य चुनाव समिति ने कुछ सीटों पर एक नाम तो कुछ सीटों पर एक से ज्यादा नाम भेजे हैं. बताया जा रहा है कि सीईसी की एक और बैठक होगी, इसमें फाइनल लिस्ट पर मुहर लगेगी. हालांकि सबसे ज्यादा चर्चा हाईप्रोफाइल सीट अमेठी और रायबरेली को लेकर हो रही है।

यूपी की पीईसी ने स्क्रीनिंग कमेटी को भेजा प्रस्ताव उत्तर प्रदेश चुनाव समिति ने एक

प्रस्ताव रखा है कि अमेठी और रायबरेली समेत राज्य के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी अमेठी तो प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ें।

ये प्रस्ताव दिल्ली की स्क्रीनिंग कमेटी को भेज दिया गया है। स्क्रीनिंग कमेटी ने प्रस्ताव के बारे में चर्चा की है और आगामी तीसरी बैठक में इसे केंद्रीय चुनाव समिति को भेजने की संभावना है।

आगामी लिस्ट में हो सकते हैं इन नेताओं के नाम

स्क्रीनिंग कमेटी के एक सदस्य ने कहा कि हम संभवतः प्रस्ताव देंगे कि पार्टी के कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल और प्रियंका गांधी अपने गढ़ से चुनाव लड़ें. क्योंकि अमेठी-रायबरेली पर दशकों तक गांधी परिवार की मजबूत पकड़ रही है. एक सूत्र ने बताया कि पहले की तरह अंतिम फैसला गांधी परिवार को लेना है. इसके अलावा जो बड़े नाम आगामी लिस्ट में शामिल हो सकते हैं, वे हैं फ़तेहपुर सीकरी से पूर्व सांसद और प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर, सहारनपुर से कांग्रेस में लौटे इमरान मसूद का नाम सामने आ सकता है. वहीं, पीईसी की ओर से महराजगंज से मौजूदा विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम प्रस्तावित किया गया है।

15 मार्च को सीईसी की बैठक में होगी यूपी पर चर्चा

लिस्ट को फाइनल करने की तैयारी चल रही है। 15 मार्च को सीईसी में उत्तर प्रदेश पर चर्चा हो सकती है। इस बात पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है कि क्या पार्टी अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी को सलमान खुर्शीद के गृह क्षेत्र फर्रुखाबाद में एक और सीट के बदले में देने के लिए मना पाएगी। कांग्रेस नेता ने लिखा था और सीट शेयरिंग फॉर्मूले में सीट सपा के खाते में जाने पर कहीं और से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए को मिली बड़ी सफलता

बेंगलुरु। बेंगलुरु के फेमस 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए को बड़ी कामयाबी मिली है। एनआईए ने रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। शख्स की पहचान शब्बीर के रूप में हुई है और वह बेल्लारी के कौल बाजार इलाके का बताया जा रहा है। एनआईए द्वारा हिरासत में लिया गया शब्बीर तोरांगल में एक निजी कंपनी में काम करता था। 1 मार्च की सुबह 9:10 बजे बुडा कॉम्प्लेक्स के पास उसकी मुलाकात संदिग्ध व्यक्ति से हुई। इन्हीं सब शक के आधार पर एनआईए के अधिकारियों ने शब्बीर को हिरासत में ले लिया है। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए बम ब्लास्ट मामले में एनआईए के अधिकारी जांच जारी रखे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एनआईए के अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध हमलावर बेल्लारी न्यू बस स्टैंड से बुडा कॉम्प्लेक्स के पास एक ऑटो में आया था और उतरने के बाद शब्बीर से मिला था।

बिहार में चाचा-भतीजे की रार से अटका एनडीए का सीट बंटवारा, 40 सीटें, 6 पार्टियां और हाजीपुर का पेंच

पटना(ए.)। लोकसभा चुनाव करीब हैं और केंद्र की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीट शेयरिंग की कवायद तेज हो गई है. सीट शेयरिंग को लेकर पटना से लेकर दिल्ली तक बैठक पर बैठक हो रही है. बिहार बीजेपी अध्यक्ष और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत बीजेपी और सहयोगी दलों के बड़े नेता दिल्ली में डेरा डाले थे।

मैराथन मंथन का दौर चलता रहा लेकिन सीट शेयरिंग को लेकर किसी फॉर्मूले पर सहमति नहीं बन सकी। दिल्ली से पटना लौटने के बाद सम्राट चौधरी ने यह दावा किया कि लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले सीट शेयरिंग के फॉर्मूले का ऐलान कर दिया जाएगा. बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और जेडीयू एमएलसी अशोक चौधरी ने भी यह दावा किया है कि एनडीए में सब ठीक है और चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय कर लिया जाएगा. चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा को लेकर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सही समय पर सबकुछ सार्वजनिक किया जाएगा।

चिराग और उपेंद्र के सवाल पर नीतीश

कुमार के करीबी अशोक चौधरी के जवाब ने अब इसे लेकर कयासों को हवा दे दी है कि क्या एनडीए में सबकुछ ठीक है? यह कयास अनायास भी नहीं. चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा को हाल ही में बिहार के बेगूसराय आए पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होना था लेकिन दोनों ने ही इस आयोजन से किनारा कर लिया।

बिहार लोकसभा सीटों को लेकर पार्टियों की डिमांड

बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में एनडीए को 39 सीटों पर जीत मिली थी. बीजेपी के 17, जेडीयू के 16 और अविभाजित लोक जनशक्ति पार्टी के छह उम्मीदवार चुनाव जीते थे. अब समस्या यह है कि एलजेपी अब दो धड़ों में बंट गई है- एक पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी और दूसरी चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास. दोनों ही पार्टियां पिछले चुनाव के फॉर्मूले पर छह-छह सीटों की मांग कर रही हैं. यह फॉर्मूला भी सामने आया था कि चिराग पासवान की पार्टी को 5 और पशुपति पारस की पार्टी को 1 से 2 सीटें मिल सकती हैं।

हाजीपुर सीट पर चिंता

चिराग अपने पिता की विरासत का जिक्र करते हुए हाजीपुर पर दावा कर रहे हैं. चिराग इस सीट से भावनात्मक रिश्ते का जिक्र करते हुए यहां से अपनी मां रीना पासवान को चुनाव मैदान में उतारने की मंशा जता चुके हैं तो वहीं पशुपति ने भी दो टूक कह दिया है कि यह सीट नहीं छोड़ेंगे. हाजीपुर में चाचा-भतीजे की रार से भी सीट शेयरिंग की बातचीत में बाधा आ रही है. बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद तावड़े ने हाजीपुर का पेच सुलझाने के लिए पशुपति पारस के सामने यह प्रस्ताव भी रखा था कि चाचा-भतीजा, दोनों की पार्टियां एक हो जाएं. लेकिन पशुपति ने इस पर भी साफ कह दिया कि चिराग के साथ दल, दिल और परिवार नहीं मिल सकते।

सीट शेयरिंग को लेकर जारी बातचीत के बीच चिराग ने 10 मार्च को मुजफ्फरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा गठबंधन बस बिहार की जनता के साथ है. चिराग के इस बयान को सीट शेयरिंग के लिए बातचीत बीजेपी और एनडीए के अन्य सहयोगी दलों के लिए चेतावनी की तरह देखा गया।

'अगर बेइज्जती महसूस हो रही है तो हमारे साथ आ जाओ', उद्धव के बयान को गडकरी ने बताया 'अपरिपक्व'

मुंबई(ए.)। शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को कई सुझाव दिए। उन्होंने गडकरी को सलाह दी कि अगर बीजेपी उनका अपमान करती है तो उन्हें पार्टी छोड़कर उनके साथ आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में विपक्ष आपको जीत दिलाएगा। उद्धव ठाकरे के इस बयान को नितिन गडकरी ने अपरिपक्व और हास्यास्पद बताया है। नितिन गडकरी ने कहा कि शिवसेना नेता को भाजपा नेताओं के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि ठाकरे का सुझाव अपरिपक्व और हास्यास्पद है। भाजपा में प्रत्याशियों को टिकट देने की एक प्रणाली है। उन्होंने कहा कि ठाकरे का सुझाव आगामी लोकसभा चुनावों के लिए महाराष्ट्र में टिकट वितरण पर भाजपा की चर्चा से काफी पहले आया है।

उद्धव ठाकरे ने दिया था ऑफर

नितिन गडकरी ने भरोसा जताया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। बता दें कि कुछ दिन पहले बीजेपी की पहली लिस्ट पर शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की लिस्ट आ गई है। कई नाम सामने आए हैं। लिस्ट में पीएम मोदी के साथ कृपाशंकर सिंह का भी नाम है।

राहुल गांधी ने एक बार फिर अग्निवीर योजना को लेकर केन्द्र पर साधा निशाना

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जारी है और राहुल गांधी लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस नेता ने एक बार फिर अग्निवीर योजना पर सवाल खड़े किए हैं और कहा है कि यह सिर्फ 'अडाणी' को फायदा देने के लिए लाई गई स्कीम है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिलहाल महाराष्ट्र के दोंडाइचा पहुंची हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान चीन का जिक्र करते हुए कहा कि– ÷चीन के सैनिकों को 3-4 साल की ट्रेनिंग मिलती है। 'मॉडर्न' हथियार चलाने का तरीका सीखने में तीन-चार साल का वक्त लगता है, लेकिन जो अग्निवीर है उसे 6 महीने की ट्रेनिंग देकर चीन के सैनिक के सामने खड़ा कर दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने आगे कहा - अग्निवीर इसलिए लागू किया गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चाहते हैं कि जो पेंशन का पैसा है वो सीधा अडाणी डिफेंस को चला जाए। जो सैनिक की पेंशन का पैसा है वो अडाणी को चला जाए और सैनिकों की रक्षा और शहीदों का पैसा भी अडाणी को चला जाए।

न्यूज गैलरी

अहमदनगर बना अहिल्या नगर 8 स्टेशन के भी बदलेंगे नाम

मुंबई। महाराष्ट्र में अहमदनगर का नाम बदल अहिल्या नगर कर दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने कुछ और जगहों के नाम बदल दिए हैं। बताया जा रहा है कि कुल आठ रेलवे स्टेशन के नाम भी मुंबई में अब बदल दिए गए हैं, ये सारे वो स्टेशन हैं जिनका नामकरण अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान हुआ था। ऐसे में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति लेने के लिए अब इन सभी जगहों के नाम बदल दिए गए हैं। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब किसी राज्य में इस तरह से जगहों का नामकरण किया गया हो। बीजेपी शासित ज्यादातर राज्यों में नामकरण की ये प्रक्रिया लगातार होती रहती है। उत्तर प्रदेश में तो सीएम योगी आदित्यनाथ ने कई जगहों के नाम बदल दिए हैं। इलाहाबाद बन चुका है प्रयागराज, फैजाबाद बन चुका है अयोध्या। इसी तरह 2019 के अर्द्ध कुंभ को ही उन्होंने कुंभ का नाम दे दिया था। अब अगर सीएम अपने स्तर पर नाम बदल रहे हैं तो पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कुछ पुरुस्कारों का नाम बदल इस ट्रेंड को बढ़ावा दिया है। मोदी सरकार ने राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया था। उससे पहले मोटेरा स्टेडियम का नाम सरदार पटेल की जगह नरेन्द्र मोदी के नाम पर कर दिया गया। वैसे देश की सियासत में शहरों से लेकर स्टेशनों के नाम बदलने का सिलसिला काफी पुराना है। कांग्रेस की सरकार हो या बीजेपी की, सभी ने अपनी राजनीतिक के हिसाब से नामकरण किया है। स्वतंत्र भारत में साल 1950 में सबसे पहले पूर्वी पंजाब का नाम पंजाब रखा गया। 1956 में हैदराबाद से आंध्रप्रदेश, 1959 में मध्यभारत से मध्यप्रदेश नामकरण हुआ। सिलसिला यहीं नहीं खत्म हुआ।

हर साल 17 सितंबर को मनाया जाएगा हैदराबाद मुक्ति दिवस

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को हर साल 17 सितंबर को 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' मनाने की घोषणा की। भारत सरकार ने इस दिन को मनाने और उन शहीदों को याद करने का फैसला किया है जिन्होंने दशकों पहले हैदराबाद को आजाद कराया था और युवाओं के मन में देशभक्ति की लौ जलाई थी। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर कहा कि हैदराबाद 15 अगस्त 1947 को भारत की आजादी के बाद भी 13 महीने तक निजामों के शासन में रहा और उसे आजादी नहीं मिली।

पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई, दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों को राहत देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (ष्ठष्ठ) को निर्देश दिया है कि इनके खिलाफ कोई तोड़फोड़ की कार्रवाई ना की जाए। यह आदेश उस याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया जिसमें 4 मार्च को जारी किए गए ष्ठष्ठ के एक नोटिस को चुनौती दी गई थी। इस नोटिस में लिखा था कि यहां रह रहे लोगों को 6 मार्च तक शिविर को खाली

कर देना है। इस नोटिस के खिलाफ दायर याचिका में यहां रह रहे 800 लोगों के लिए रहने की व्यवस्था ना होने तक ष्ठष्ठ के आदेश को टालने की मांग की गई थी। मामले की अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी और तब तक ष्ठष्ठ को किसी तरह की कार्रवाई करने से कोर्ट ने मना कर दिया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने एक नोटिस चस्पा किया था। जिसमें लिखा था कि दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी इस इलाके को खाली कर दें। याचिका में कहा गया कि हिंदू शरणार्थी यहां कई सालों से रह रहे हैं।

कश्मीर में बारिश हिमपात के आसार

श्रीनगर(वार्ता)। कश्मीर घाटी के ज्यादातर हिस्सों में अगले 24 घंटों मे हल्की से मध्यम बारिश अथवा हिमापत होने के आसार हैं । मोसम विभाग के अनुसार इस दौरान गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश या हिमपात हो सकता है। वहीं 15 से 20 मार्च तक मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है।

चीन के रेस्टोरेंट में बड़ा धमाका, 1 की मौत, कई इमारतों पर असर

नई दिल्ली। उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत के एक शहर में एक संदिग्ध गैस विस्फोट हुआ। इस घटना के दौरान कई इमारतों और गाड़ियों को भी भारी नुकसान हुआ है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत की खबर भी सामने आई है और करीब 22 लोग घायल हुए हैं। इन सभी को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चाइना सेंट्रल टेलीविजन के अनुसार, विस्फोट सुबह 7:55 बजे ग्राउंड फ्लोर के एक रेस्टोरेंट में हुआ है। यह रेस्टोरेंट एक पुरानी इमारत में बना हुआ था। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दिखाई दे रहा है कि गाड़ियों में आग लगी हुई है और पूरे इलाके में धुएं का गुबार नजर आ रहा है। घटनास्थल पर मौजूद लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। धमाके की वजह से आसपास की इमारतों के शीशे टूट गए हैं। सरकारी मीडिया ने कहा कि बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वहीं, स्थानीय लैंगफैंग फायर ब्रिगेड विभाग ने कहा कि 36 आपातकालीन वाहन और 154 कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया है। रेस्टोरेंट के पास दुकान में काम करने वाली एक व्यापारी महिला ने सरकारी न्यूज चैनल को बताया कि वह अपनी दुकान में थी जब उसने धमाके की आवाज सुनी। वह अपनी दुकान से बाहर भागी और देखा कि एक इमारत में आग लगी हुई है और पूरी बिल्डिंग लगभग नष्ट हो गई है। चीन में हाल के महीनों में कई बड़ी दुर्घटनाएं हुई हैं।

मुख्तार अंसारी को दूसरी बार उम्रकैद की सजा

वाराणसी। वाराणसी MP/MLA कोर्ट ने बुधवार को माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही 2 लाख 2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। मुख्तार बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट की कार्रवाई से जु?ा था। कोर्ट ने मंगलवार को 1987 में फर्जी हस्ताक्षर कर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में मुख्तार को दोषी करार दिया था। मुख्तार को यह दूसरी उम्रकैद की सजा है। इससे पहले, 5 जून 2023 को अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार को

स्नो मैराथन जीतकर लौट रहे सेना के मेजर और 16 जवानों पर हमला, लाठी और छड़ें लेकर 30-35 लोगों ने किया अटैक

नई दिल्ली। पंजाब के मनाली-रोपड़ रोड पर एक ढाबे के मालिक और कर्मचारियों ने सेना के एक मेजर और उनके 16 जवानों की टीम पर हमला किया। इस हमले में मेजर और कुछ जवान गंभीर

रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कीरतपुर साहिब थाने में स्नढ्ढक्रदर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार सुबह दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, यह घटना सोमवार को हुई जब लद्दाख स्काउट्स के मेजर सचिन सिंह कुंतल और उनके सैनिक पिछले दिन लाहौल में आयोजित स्नो मैराथन जीतने के बाद हिमाचल प्रदेश के मनाली के पास पलचान से लौट रहे थे। जवानों और ढाबा मालिक के बीच बिल के भुगतान को लेकर विवाद

पुलिस ने बताया कि चंडी मंदिर जा रही जवानों की टीम रात करीब सवा नौ बजे रोपड़ जिले के भरतगढ़ के पास अल्पाइन ढाबे पर रात के खाने के लिए रुकी। एफआईआर के मुताबिक, जवानों और ढाबा मालिक के बीच बिल के भुगतान के तरीके को लेकर विवाद हो गया क्योंकि उन्होंने यूपीआई के माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया और टैक्स से बचने के लिए नकद भुगतान पर जोर दिया।

सैनिकों द्वारा ऑनलाइन बिल का भुगतान करने के बाद भी मालिक ने नकद भुगतान पर जोर दिया।

मुस्लिमों पर फोकस, नए समीकरण, इंडिया गठबंधन पर क्या होगा माायवती की रणनीति का असर

लखनऊ(ए.)। करीब दो साल पहले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव हुए थे। इस चुनाव में आजमगढ़ लोकसभा सीट से तत्कालीन सांसद सपा के प्रमुख अखिलेश यादव भी विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। अखिलेश ने विधानसभा के लिए निर्वाचन के बाद लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अखिलेश के इस्तीफे से रिक्त हुई आजमगढ़ सीट के लिए उपचुनाव हुए जिसमें सपा को पूर्वांचल के अपने इस गढ़ में शिकस्त का सामना करना पड़ा. सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को हराकर बीजेपी के दिनेशलाल यादव निरहुआ संसद पहुंच गए।

अब आप सोच रहे होंगे कि इस उपचुनाव, बीजेपी की जीत, सपा की हार की चर्चा क्यों? दरअसल, इस उपचुनाव के नतीजे आने के बाद जीतने और दूसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवार से अधिक चर्चा हुई तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार की और वह उम्मीदवार थे शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली. बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे गुड्डू जमाली तीसरे स्थान पर रहे लेकिन चुनाव जीतने

वाले उम्मीदवार के मुकाबले वोट का अंतर 50 हजार से भी कम का ही रहा. बीजेपी उम्मीदवार निरहुआ को 3 लाख 12 हजार 768 वोट मिले थे. सपा के धर्मेंद्र 8679 वोट के अंतर से चुनाव हार गए थे। गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 210 वोट मिले थे। आजमगढ़ उपचुनाव को दो साल बीत चुके हैं। देश अब लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है. चुनाव अलग है, समय अलग है, राजनीतिक परिस्थितियां अलग हैं लेकिन एक बात जो समान नजर आ रही है, वह है बसपा की रणनीति. बसपा दलित-मुस्लिम का नया समीकरण गढ़ने की रणनीति पर ही बढ़ती नजर आ रही है।

सूत्रों की मानें तो बसपा ने पिछले तीन दिन में पांच लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार तय कर दिए हैं. पांच में चार उम्मीदवार मुस्लिम वर्ग से हैं।

गठबंधन पर क्या होगा असर

मायावती की पार्टी ने कन्नौज से पूर्व सपा नेता अकील अहमद, पीलीभीत से पूर्व मंत्री अनिल अहमद खान फुल बाबू ,अमरोहा से मुजाहिद हुसैन और मुरादाबाद सीट से इरफान सैफी की उम्मीदवारी पर मुहर लगा दी है. इनमें से कुछ सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम आबादी अधिक है. ऐसे में कहा ये भी जा रहा है कि इन सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारने के अलावा बसपा के पास कोई और विकल्प नहीं है।

न्यूज गैलरी

वयस्क बीसीजी वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत 18 साल से अधिक उम्र के 6 श्रेणी के नागरिकों को लगाए जा रहे टीके

भोपाल/नवप्रदेश। टीबी उन्मूलन के लिए 7 मार्च से प्रारंभ किए गए एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत जिले की 19 स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रतिदिन टीकाकरण किया जा रहा हैं। कार्यक्रम के तहत 18 साल से अधिक उम्र के 6 विभिन्न श्रेणी के लोगों को बीसीजी का टीका लगाया जा रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर वर्ष - 2025 तक भारत से टीबी उन्मूलन किया जाना है। इसके लिए वयस्कों में बीसीजी वैक्सीनेशन की शुरुआत की गई है। बच्चों में यह वैक्सीन नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत पहले से ही लगाई जा रही है। मॉडल स्टडीज के अनुसार टीबी वैक्सीनेशन से हर साल टीबी के प्रकरणों को 17 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। वयस्क टीबी वैक्सीनेशन के लिए 6 विभिन्न श्रेणी के लोगों को सम्मिलित किया गया है। जिसमें ऐसे लोग जिन्हें पिछले 5 सालों में टीबी रही हो, रोगी परिजन जो टीबी रोगी के संपर्क में रहे हो, 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, धूम्रपान करने वाला व्यक्ति, मधुमेह के मरीज, 18 से कम बीएमआई या कुपोषित व्यक्ति शामिल किए गए हैं। टीका लगवाने वालों को कोविन की तर्ज पर टीबी विन पोर्टल से टीकाकरण प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि बीसीजी का टीका पूरी तरह सुरक्षित है। यह वैक्सीन बच्चों को टीबी के गंभीर रूपों से बचाती है। वयस्कों में बीसीजी टीके की अतिरिक्त डोज उनकी रोक प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर अगले 10 से 15 साल तक इस बीमारी से बचाव कर सकती है। मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा यह टीके लगाए जा रहे हैं। साथ ही जिले की 19 स्वास्थ्य संस्थानों में भी प्रतिदिन टीका लगवाने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।

इन स्वास्थ्य संस्थानों में प्रतिदिन लग रहे हैं बीसीजी के टीके

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, हमीदिया अस्पताल,जयप्रकाश जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल बैरागढ़, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत चिकित्सालय , इंदिरा गांधी हॉस्पिटल, सिविल हॉस्पिटल बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, कस्तूरबा अस्पताल भेल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिसरोद , सिविल डिस्पेंसरी आनंद नगर, सिविल डिस्पेंसरी कमला नगर, सिविल डिस्पेंसरी पंचशील , सिविल डिस्पेंसरी 1100 क्वार्टर,शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोलूआ कला, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाबी नगर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अशोका गार्डन,पीपल्स हॉस्पिटल शामिल हैं।

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के नाम से होगा सागर में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय में इसी सत्र से प्रवेश शुरू होगा, डिजिटल लांच हुआ

सागर ने शिक्षा के क्षेत्र में देश का नेतृत्व किया

महान शिक्षाविद् डॉ. हरिसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने के होंगे प्रयास

सागर को हवाई यात्रा से जोड़ा जाएगा

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. हरिसिंह गौर की नगरी सागर ने शिक्षा के क्षेत्र में देश का नेतृत्व किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर के पीटीसी ग्राउंड में विश्वविद्यालय के डिजिटल लांच के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय का शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने कहा कि यह विश्वविद्यालय इसी सत्र से शुरू होगा। विश्वविद्यालय के लिए भवन भी बनाया जाएगा।

डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती शिक्षा क्षेत्र में देश का मुख्य केन्द्र है। भगवान श्री कृष्ण ने संदीपनी आश्रम उज्जैन में शिक्षा ली थी, वहीं शिक्षाविद् डॉ. हरिसिंह गौर ने बुंदेलखंड की धरा पर शिक्षा की मशाल जलाई। उन्होंने कहा कि मेरा मत है कि डॉ. हरिसिंह गौर को भारत रत्न मिलना चाहिए। प्रदेश के 55 जिलों में सागर एक मात्र जिला है, जहां दो विश्वविद्यालय है। मध्यप्रदेश सरकार ने 90 दिन के भीतर अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उनका क्रियान्वयन करवाया है। 52 दिन पहले सागर में वीरांगाना रानी अवंती बाई लोधी के नाम पर राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गई थी, जिसे आज मूर्तरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से प्रतिभावान नागरिकों की पौध तैयार होती है। युवाओं के हाथ में केवल कागज की डिग्री ही नहीं बल्कि हुनर भी होना चाहिए। इसी परिप्रेक्ष्य में नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा का समूचा ढांचा तैयार किया जा रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को है। नई शिक्षा नीति में कौशल के साथ संस्कार देने के पाठ्यक्रम भी शामिल किये गये हैं। सागर के नये विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के सुझाव पर पाठ्यक्रम चालू किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 20 जनवरी को सागर में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम पर आयुर्वेद कॉलेज की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रति यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डॉ. यादव ने संत रविदास के नाम से मार्ग के निर्माण की घोषणा की। जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बंडा और मकरोनिया के शासकीय कॉलेज में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम और केसली में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय भी प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गंभीर और त्वरित इलाज के लिए प्रदेश के जिलों में एयर एंबुलेंस की सुविधा मुहैया कराई जा रही है, जिसमें सागर भी शामिल रहेगा। सागर को हवाई यात्रा से भी जोड़ा जाएगा। राज्य सरकार ने 12 सीटर वाले छोटे हवाई जहाज संचालित करने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिरोंजा गांव के एक बच्चे मोहित राजपूत की किडनी ट्रांसप्लांट के लिए शासन की ओर से 5 लाख रू. की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार किसी को भी कष्ट नहीं होने देगी। उन्होंने एक अन्य कैंसर पीड़ित 13 वर्षीय ओमप्रकाश काक्षी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिये कलेक्टर श्री दीपक आर्य को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सागर में विगत 13 वर्ष से जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, विद्यार्थियों द्वारा लगातार राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री ने गत 20 जनवरी को सागर में पहली बार आगमन पर ही रानी अवंती बाई लोधी राजकीय विश्वविद्यालय की घोषणा की थी।

जबलपुर में कहा- हम 29 लोकसभा सीट जीत रहे; नकुल बोले- हम भी राम भक्त

विजयवर्गीय बोले- नकुलनाथ और कमलनाथ से फर्क नहीं पड़ता

जबलपुर/नवप्रदेश। जबलपुर पहुंचे नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, नकुलनाथ चुनाव लड़ें या कमलनाथ, बीजेपी को कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने दावा करते हुए कहा, देशभर में हम 400 से ज्यादा लोकसभा सीट जीत रहे हैं। मध्यप्रदेश में सभी 29 सीट पर कब्जा होगा। मंडला जाते समय जबलपुर के सर्किट हाउस में विजयवर्गीय ने मीडिया से बात की। छिंदवाड़ा से कांग्रेस की ओर से नकुलनाथ को उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्होंने कहा, %कांग्रेस ऐसे लोगों को टिकट दे रही है, जो करोड़पति हैं। विजयवर्गीय मंडला में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। वहां से इंदौर जाएंगे।

हमने हनुमान मंदिर बनाया, लेकिन प्रचार नहीं किया: नकुल

कांग्रेस ने छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ पर दोबारा भरोसा जताया है। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया, अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद माना जा रहा है कि बीजेपी को इसका फायदा मिलेगाड़ इसके जवाब में नकुलनाथ ने कहा, बीजेपी हमेशा धर्म को राजनीतिक मंच पर लाती है। हम भी राम भक्त हैं। राम हमारे दिल में बसते हैं।

उन्होंने कहा, हमने 12 साल पहले छिंदवाड़ा में सबसे बड़ा हनुमान मंदिर बनवाया, पर कोई प्रचार नहीं किया और बीजेपी तो इस तरह प्रचार कर रही है, जैसे राम मंदिर का पट्टा उनके हाथ में है।

एमपी में कांग्रेस का मजबूत गढ़ है छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा सीट कांग्रेस पार्टी का मजबूत गढ़ मानी जाती है। 44 साल से लगातार कमलनाथ या उनके परिवार के सदस्य यहां से चुनाव जीतते आ रहे हैं। 1997 में बीजेपी से सुंदरलाल पटवा ने कमलनाथ को हराया था। भाजपा इसी जीत को दोहराना चाहती है। दूसरी ओर कमलनाथ और नकुलनाथ ने भी गढ़ बचाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है।

प्रदेश सरकार क्षेत्र के चहुँमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध - ऊर्जा मंत्री तोमर

4 करोड 19 लाख रूपये की लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

भोपाल/नवप्रदेश। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर की विभिन्न कॉलोनियों के विद्युतीकरण कार्य के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि क्षेत्र के चहुमुँखी विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार सभी की भागीदारी से उपनगर ग्वालियर में विकास के नये आयाम जोड़ेगी। उन्होंने कहा उपनगर ग्वालियर में तेजी के साथ स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा एवं सड़कों के कार्य किए जा रहे हैं। इसका लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी को भी मिलेगा।

इस अवसर पर तानसेन जोन कार्यालय के नवीन कार्यालय भवन का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि तानसेन जोन स्मार्ट कार्यालय बनाया जा रहा है। यहाँ उपभोक्ता सेवा केन्द्र पर विद्युत उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिल जमा करना, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करना, विद्युत कनेक्शन लेना इत्यादि विद्युत से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उपनगर ग्वालियर की 50 से अधिक कॉलोनियों में 4 करोड 19 लाख रूपये की लागत से विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है, जिससे 50 कॉलोनियों के 2500 से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि इस क्षेत्र में घरों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर में दो नए खेल मैदान बनाए जाएंगे। इसी तरह लाइन नम्बर-4 में भव्य पार्क बनेगा, आरपी कॉलोनी के पार्क का सौंदर्यीकरण होगा। इसके साथ ही चंदनपुरा का नाला, चंदन नगर श्मशान का नाला एवं बरा गांव के नाले का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होने वाला है। साथ ही किलागेट के सौंदर्यीकरण के लिए भी राशि मंजूर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जेसी मिल के मजदूर लम्बे समय से संघर्षरत थे, अब उनके हित में फैसला होने वाला है।

राजगढ़ जिले के ग्राम गोपालपुरा में पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के तहत जल कलश यात्रा का समापन

परियोजना से दिसंबर 2024 तक हर घर में मिलेगा शुद्ध जल - मंत्री श्री टेटवाल

भोपाल/नवप्रदेश। जल के महत्व को समझते हुए प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई ने नदी जोड़ो अभियान का श्री गणेश किया था। इस अभियान को मूर्त रुप देने के लिए हर घर में पानी एवं हर खेत में पानी पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी के साथ केन बेतवा पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना की शुरूआत की। पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार की संयुक्त परियोजना है। जिसमें मध्यप्रदेश से निकलने वाली कालीसिंध, पार्वती एवं इनकी सहायक नदियों के लिए गाइड लाईन प्रस्तावित है। इसमें 6 बेराज 2 बांध शामिल हैं।

इस परियोजना में मध्यप्रदेश के लिए 35 हजार करोड़ की राशि प्रस्तावित की गई है। जिससे 6.17 हेक्टर की कुल सिंचाई वाली परियोजना में मध्यप्रदेश की लगभग 4 लाख हेक्टेरयर (नवीन) भूमि की सिंचाई की जा सकेगी। परियोजना में केन्द्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत (केन्द्र) तथा राज्यर सरकार द्वारा 10 प्रतिशत (राज्यों) व्यय किया जाएगा। इस परियोजना में मध्यप्रदेश के 9 जिलों (इंदौर, उज्जैन, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, शिवपुरी, श्योपुर, गुना, ग्वालियर) के संभावित 1613 ग्राम के 3 लाख 15 हजार 504 परिवार लाभांवित होंगे। परियोजना अंतर्गत 323 मिलियन घनमीटर जल को पेयजल के लिये आरक्षित किया गया है। 4 जिलों (उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर मालवा) में 30 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित किया गया है। परियोजना के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। यह बात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने जल संरक्षण अभियान अंतर्गत आयोजित की जा रही केन बेतवा लिंक परियोजना तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के संभावित लाभान्वित गांवों में कलश यात्रा तथा जल आधारित विभिन्न कार्यक्रमों के समापन अवसर पर राजगढ़ जिले के ग्राम गोपालपुरा में आयोजित कार्यक्रम में कही।इस दौरान मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि योजना में 2024 तक हर घर नल से शुद्ध जल मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की गई जल संरक्षण पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियो को भी पुरस्कृत किया।

उल्लेखनीय है कि सारंगपुर तहसील अंतर्गत पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना से 18 ग्राम लाभांवित हो रहे हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा इन लाभांवित ग्रामों में 11, 12 एवं 13 मार्च को कलश यात्रा एवं जल आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनका राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार श्री गौतम टेटवाल द्वारा 13 मार्च को ग्राम गोपालपुरा में समापन किया गया।

आयोजन के दौरान समस्त लाभांवित ग्रामों में जल संरक्षण पर आधारित दीवार लेखन का कार्य किया गया। ग्रामों में गणमान्य नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों, किसानों, महिला एवं विद्यार्थियों को सम्मिलित कर कलश यात्रा तथा रथ यात्रा के माध्यम से जल के महत्व एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिये सभाएं आयोजित की गई थी।

मुख्यमंत्री दुधारु पशु प्रदाय कार्यक्रम में गाय के साथ भैंस भी शामिल

भोपाल/नवप्रदेश। राज्य शासन ने ÷मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय कार्यक्रम'' के रूप में लागू किया है। कार्यक्रम में अब हितग्राही की मंशा अनुसार दुधारू गाय के अलावा भैंस भी प्रदाय की जा सकेगी। साथ ही इसका लाभ अब विशेष पिछ?ी जनजाति बैगा के साथ सहरिया और भारिया को भी मिलेगा। जनजातियों की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए हितग्राही अंशदान की राशि 25 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दी गई है। पशुपालकों को प्रति 2 दुधारू पशु गाय/भैंस दी जाएगी। कार्यक्रम में 90 प्रतिशत शासकीय अनुदान और 10 प्रतिशत हितग्राही अंशदान होगा। क्रय किये गये सभी पशुओं का बीमा होगा। मिल्क रूट और दुग्ध समितियों का गठन मध्यप्रदेश दुग्ध महासंघ और पशुपालन विभाग द्वारा किया जायेगा। गाय प्रदाय के लिये एक लाख 89 हजार 250 रूपये और भैंस के लिये 2 लाख 43 हजार रूपये की राशि निर्धारित की गई है। गौ प्रदाय में एक लाख 70 हजार 325 रूपये शासकीय अनुदान और शेष 18 हजार 925 रूपये हितग्राही अंशदान होगा। भैंस प्रदाय में 2 लाख 18 हजार 700 रूपये का शासकीय अनुदान और मात्र 24 हजार 300 रूपये हितग्राही का अंशदान होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन और पशुओं की दुग्ध उत्पादक क्षमता में वृद्धि, रोजगार के नवीन अवसर द्वारा हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति में सुधार और उच्च उत्पादक क्षमता के गौ-भैंस वंशीय पशुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। हितग्राही को आवेदन निर्धारित प्रपत्र में अपने निकटतम पशु चिकित्सा संस्था या दुग्ध सहकारी समिति को देना होगा।

भाजपा के बूथ विजय अभियान की शुरुआत

गुना/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज 13 मार्च से %बूथ विजय अभियान का शुभारंभ किया गया। इसमे प्रदेश के सभी बूथों पर पार्टी के नेता प्रत्येक बूथ पर पहुंचकर दो घंटे समय बिताएंगे। हर बूथ को मोदी बूथ बनाकर 10 प्रतिशत वोट बढ़ाकर प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाएं और एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने में अपना योगदान दे।

यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 6 कोल्हुपुरा बूथ क्रमांक 27 पर दोपहर 12 बजे पहुंच बूथ विजय अभियान की शुरुआत करते हुए कही। इसकी अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष विकास शर्मा ने की। इस अवसर पर भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, बूथ 27 के महामंत्री कृपाण सिंह कुशवाह, बीएलए लबी रजक, हरीश यूरिया, शिवम दुबे, पार्षद ओम प्रकाश कुशवाह गब्बर, अभिषेक गहलोत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया की भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर आज 13 मार्च से 22 मार्च तक 10 दिवसीय बूथ विजय अभियान का शुरुवात की गई। इसी के तहत गुना जिले के सभी 1092 बूथों पर भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले के विधायक, सभी जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता 2 घंटे के प्रवास पर रहकर संगठन विस्तार एवं आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से 10 प्रतिशत नव मतदाताओं को बड़ाने का काम करेंगे।

बूथ क्रमांक 27 पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने बूथ समिति और पन्ना समिति की परिचय बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से संगठन विस्तार के मंत्र कार्यक्रताओं को दिए। बैठक में वोटर लिस्ट का सत्यापन किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान आज से आरंभ होकर 22 मार्च तक चलेगा, जिसमे संगठन के विस्तार और पार्टी का जनाधार बड़ाने के लिए लगातार बूथ सशक्तीकरण का काम किया जाएगा। पार्टी के इन्हीं प्रयासों की अगली कड़ी है-बूथ विजय अभियान। इस बार पार्टी नेतृत्व ने पिछले चुनाव के मुकाबले 10 प्रतिशत वोट बड़ाने का लक्ष्य तय किया है।

रीवा में कोरेक्स की खेप पकड़ाई: पुलिस को देख भागने लगे आरोपी ; तो दलदल में फंसी कार

रीवा/नवप्रदेश। रीवा पुलिस ने मेडिकल नशे के कारोबार पर कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित नशीली कोरेक्स सिरप की खेप पकड़ी है। सीएसपी नवीन तिवारी ने बताया कि मंगलवार रात पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि नहर के पास एक गाड़ी खड़ी है जिसमें बड़ी मात्रा में कोरेक्स रखी हुई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने तेज गति से कार लेकर भागने का प्रयास किया। लेकिन कार दलदल में फंस गई। कार में बैठा एक आरोपी तो अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। लेकिन दूसरे आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। जिसका नाम शाहरूख अंसारी है और जो अमहिया का रहने वाला है। आरोपी के पास से कुल चार पेटी नशीली कफ सिरफ बरामद की गई है। जिसकी कीमत 81 हजार 600 रुपय है। .

कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला निर्माण समिति सुकमा
जिला-सुकमा (छ.ग.)

// मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 597/NIT No 43/जि.नि.स.. /2023-24 सुकमा दिनांक - 13/03/2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मरम्मत कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	निविदा का प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	Construction WBM Road Almagunda to Duled Part-01 to Part 06 RD 0.00 km to 8.00 km	296.58	22/03/2024

उपरोक्त कार्यो की निविदा से संबंधित आवश्यक शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी :-

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी-08517/8

कार्य. अभि., छ.ग. ग्रा.स.वि.अभि.
जिला निर्माण समिति सुकमा (छ.ग.)

सुविचार

दो चीजों को कभी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए एक अन्न का कण और दूसरा आनंद का क्षण। - अज्ञात

संपादकीय

हरियाणा में नेतृत्व परिवर्तन

ऐन लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने हरियाणा में नेतृत्व परिवर्तन करके सबको चौंका दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन पहले ही हजारों करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात देने हरियाणा पहुंचे थे। और वहां उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर की जमकर तारीफ की थी। उनके साथ अपने पुराने संबंधों को भी याद किया था। किन्तु दूसरे ही दिन मनोहर खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया और उनकी जगह नायब सिंह सैनी को हरियाणा का नया मुख्यमंत्री बना दिया गया। इसी के साथ ही जजपा के साथ भाजपा का गठबंधन भी टूट गया। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाया था। इसलिए उसे 10 सीटें जीतने वाली जजपा के साथ मिलकर सरकार बनानी पड़ी थी और दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री बनाना पड़ा था। किन्तु दुष्यंत चौटाला अब लोकसभा चुनाव में भी हरियाणा की दो सीटें मांग रहे थे। जो भाजपा को मंजूर नहीं था। पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार भी वह सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना चुकी है। किन्तु दुष्यंत चौटाला ने 2 सीटों की मांग करके पेंच फंसा दिया था। नतीजतन भाजपा ने हरियाणा में नेतृत्व परिवर्तन करके दुष्यंत चौटाला को भी उपमुख्यमंत्री पद से हटा दिया। यही नहीं बल्कि दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाले जजपा के 5 विधायकों को भी तोड़ लिया है। वैसे भी भाजपा इस तरह के चौंकाने वाले निर्णय पहले भी कई बार ले चुकी है। उत्तराखंड और गुजरात में भाजपा ऐन चुनाव के पहले मुख्यमंत्रियों को बदल चुकी है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पुराने नेताओं को किनारे कर भाजपा ने नए चेहरों को मुख्यमंत्री पद पर आसीन कराया है। भाजपा बहुत दूर की सोचकर कोई निर्णय लेती है। हरियाणा में भी लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पिछले 10 सालों से मुख्यमंत्री पद पर आसीन मनोहर खट्टर के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर चलने का खतरा नजर आ रहा था। यही वजह है कि भाजपा ने हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलकर एक तीर से कई निशाने साध लिए हैं। यद्यपि इस फेरबदल के कारण हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज नाराज हो गए हैं। यहां तक की उन्होंने शपथग्रहण समारोह से भी दूरी बना ली थी। किन्तु मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया है कि अनिल विज की नाराजगी दूर कर ली जाएगी। अनिल विज ने खुद भी यह बयान दिया है कि वे पहले भी भाजपा के साथ थे आज भी हैं और कल भी रहेंगे। भाजपा के लिए अब वे और ज्यादा काम करेंगे। जहां तक मनोहर खट्टर का प्रश्न है तो उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है और केन्द्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

कसौटी पर खरी उतरती साय सरकार

अपने तीन माह के अल्पकार्यकाल में ही छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र में किए गए वादों को तेजी के साथ अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए साय सरकार ने कृषक उन्नति योजना के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के लगभग 24 लाख 72 हजार से अधिक कृषकों को 13 हजार 320 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि उनके खातों में जमा करा दी है। इसके पहले भी किसानों के हित में विष्णुदेव साय सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद कर देश में नया कीर्तिमान रचा था। धान की इतनी कीमत और समर्थन मूल्य देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है। 2 साल के बकाया बोनस का भी साय सरकार ने भुगतान कर दिया है। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों में हर्ष व्याप्त है। अपने चुनावी वादे और मोदी की गारंटी को पूरा कर साय सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों की कसौटी पर खरा उतरकर दिखा रही है। यद्यपि मात्र 90 दिनों के कामकाज के आधार पर किसी भी सरकार की उपलब्धियों का आंकलन नहीं किया जा सकता लेकिन साय सरकार ने प्रदेश की बागड़ोर हाथ में लेते ही जिस तेजी के साथ काम शुरू किया है और एक नई कार्य संस्कृति विकसित की है। उसे देखते हुए यही कहा जा सकता है कि साय सरकार छत्तीसगढ़ के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए कटिबद्ध है। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में जितने भी प्रमुख वादे किए गए थे उनमें से अधिकांश वादे मात्र तीन माह के भीतर ही पूरे हो चुके हैं या पूरे होने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद किसान परिवार से आते हैं इसलिए उनसे छत्तीसगढ़ के किसानों ने ढेरों उम्मीदें बांध रखी हैं। और उन्हें इस बात का पूरा भरोसा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसानों की दिक्कतों को बेहतर ढ़ग से समझेंगे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर छत्तीसगढ़ की कृषि को नई दिशा देने के साथ ही कृषकों की दशा को भी सुधारने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश के किसानों को पूरा विश्वास हो चुका है कि साय सरकार के भागीरथ प्रयासों से बहुत जल्द धान का यह कटोरा अब धन के कटोरे के रूप में तब्दील हो जाएगा।

प्रेरक प्रसंग

संयम से सफलता

नैपोलियन बोनापार्ट तब विद्यार्थी था उसने रहने के लिए एक नाई का मकान किराए पर ले रखा था। नाई की एक सुंदर युवती कन्या भी थी। वह किसी प्रकार नैपोलियन को अपने जाल में फाँसना चाहती थी, अतएव उसके सामने सदैव काम कुचेष्टाएँ करती रहती। नैपोलियन यह सब देखता तो पर उन बातों की उपेक्षा करके चुपचाप अपनी पढ़ाई में लगा रहता।बात जहाँ की तहाँ समाप्त हो गई। कुछ दिन पीछे नेपोलियन सेना में चला गया। बाल्यकाल में संयमित जीवन बिताने के कारण शारीरिक शक्ति और बुद्धि कौशल का उसमें अभाव नहीं था; इसीलिए वह 25 वर्ष की अल्पायु में ही सेनापति बना दिया गया। एक बार वह किसी काम से अपने उसी विद्यालय में गया, जहाँ उसने शिक्षा पाई थी। प्रसंगवश वह उस युवती से भी मिला और पूछा- इस मकान में कभी एक विद्यार्थी रहता था, तुम उसे छेड़ती रहती थीं, है याद उसकी। युवती ने रूखेपन से कहा-था, एक नीरस, किताबी कीड़ा। नैपोलियन ने कहा- सचमुच बहन ! पर यदि वह वासना के आकर्षण में फँस जाता, तो आज सेनापति के रूप में तुम्हारे सामने उपस्थित न होता ?

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:41, सूर्यास्त : 06:31, चन्द्रोदय : 08:15, चन्द्रास्त :21:56, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत: : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : भरणी, योग : वैधृति, प्रथम करण : वणिज (14:40 तक), द्वितीय करण : विष्टि (25:25 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मेष, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी),बुध : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 11:50 से 13:18, रवियोग : 06:29 से 18:24, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त : 18:21 से 18:46, सायाह्न सन्ध्या : 18:24 से 19:36, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:50, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:58 से 09:28, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : स्वर्ग (14:40 से 25:25), चन्द्रवास : पूर्व।

आशीष वशिष्ठ

सीएए को लेकर मुस्लिमों को भ्रमित करता विपक्ष

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिसंबर 2021 में राज्यसभा में बताया था कि वर्ष 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए कुल 3,117 अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी गई। हालांकि आवेदन 8,244 मिले थे। वहीं गृह मंत्रालय की 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2021 में कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई। पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के जो अल्पसंख्यक जान बचाकर भारत आने में सफल रहे, वे यहां की नागरिकता पाने का इंतजार बरसों से कर रहे हैं। उनकी संख्या अच्छी-खासी है। वे अल्पसंख्यक होने के कारण ही इन तीनों देशों में प्रताड़ित किए गए। उनके पास प्रताड़ना से बचने के लिए भारत आने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति से बाज आना चाहिए। वहीं मुस्लिम समुदाय को भी जमीनी हकीकत को समझना चाहिए। राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जो देश और संविधान के खिलाफहो। आखिरकार यहां सवाल उन हजारों लोगों की जिंदगियों का है जो भारत की नागरिकता लेकर अमन चैन से अपनी जिंदगी बसर करने की ख्वाहिश रखते हैं।

बीते दिनों नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए देश में लागू हो गया है। इस कानून की प्रतीक्षा लंबे समय से थी। 2019 में मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम संसद से पास किया था। जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। केंद्र सरकार ने देशभर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था। इस कानून को लागू किए जाने को लेकर दो एक तरफ खुशी का माहौल है तो दूसरी ओर विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। खुशी उन लोगों को है जो बरसों से भारत की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे थे। इस कानून के लागू होने के बाद उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। विरोध करने वाली जमात में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल और स्वयंसेवी संगठन हैं। राजनीतिक दल व संगठन इसे पूर्व की भांति तरह अल्पसंख्यक विरोधी बता रहे हैं, वहीं इसे राजनीतिक दांव भी बता रहे हैं।

सीएए लागू होने के बाद विपक्षी दल इस कानून को लेकर देशवासियों को खासकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर रहे हैं। असल में, आजादी के बाद से ही अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों की समूची मानसिकता राजनीतिक दलों और उनके संरक्षक बनने का दावा करने वाले स्वयंसेवी संगठनों के ही समझ के अनुसार चलती रही है। सीएए के खिलाफ उठे देशव्यापी विवाद को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। विपक्ष अपने बयानों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को यह संदेश दे रहा है कि इस कानून से उनकी नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। सरकार और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोग इस कानून से जुड़ी तमाम आशंकाओं को दूर कर रहे हैं। लेकिन, विपक्ष मुस्लिम समुदाय को गलत जानकारी देकर उपद्रव और हिंसक प्रदर्शनों के लिए परोक्ष रूप से उकसाता दिखाई दे रहा है। 2020 में विपक्ष ने परोक्ष रूप से कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव में सहायता की थी। ये खुला तथ्य है। नागरिकता संशोधन नियम लागू होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता बिना वैध पासपोर्ट और भारत के वीजा के बिना मिल सकती है। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया गया है। ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है?

विपक्ष का कहना है कि इस कानून में खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है

कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है। जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है। सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध की सच्चाई और इसके पीछे छिपी कुत्सित इरादे देशवासियों को समझ आने लगे हैं।

यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है। यह अधिनियम किसी को बुलाकर भी नागरिकता नहीं दे रहा बल्कि जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया वे ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमितषाह समेत तमाम बड़े मंत्री और जिम्मेदार लोग इस बात को कई बार कह चुके हैं कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, किसी की नागरिकता छीनने का नहीं।

असल में, मोदी सरकार के दस सालों के कार्यकाल में देष में बड़े परिवर्तन और काम हुए हैं। देश की जनता का भरोसा मोदी की गारंटी पर है। दस साल के कार्यकाल के बाद भी पीएम मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मोदी सरकार की लोकप्रियता और देषवासियों का उसके प्रति विष्वास से विपक्ष में बेचैनी का माहौल है। ऐसे में कुंठित और मुद्दा विहीन विपक्ष जात पात की राजनीति और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाने के लिए हमेषा किसी मुद्दे की तलाष में रहता है। चार साल पहले सीएए कानून बनने के बाद पर्दे के पीछे रहकर विपक्ष दलों ने मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर भड़काया था। नतीजतन देष में अषांति और भय का माहौल बना। हिंसक प्रदर्षनों में जान माल का नुकसान हुआ। आज भी विपक्ष चार साल पहले वाला माहौल बनाना चाहता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बार-बार कह रही हैं कि वे पश्चिम बंगाल में सीएए को लागू नहीं होने देंगी। हालांकि संसद के पारित कानून को लागू न करने देना अवैधानिक ही माना जाएगा। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल सीएए के मुद्दे पर लगातार विभाजनकारी बयानबाजी कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस, सपा, राजद, वाम दल और मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों के पेट में मरोड़ उठ रहा है।

देश में शरणार्थियों की संख्या की बात करें एक रिपोर्ट के अनुसार 199,931 हैं। यह आंकड़ा 2014 तक का है। 2022 की बात करें तो 242, 835.00 देश में शरणार्थी हैं। लेकिन जो 2014 तक भारत आए थे सिर्फउन्हें ही नागरिकता देने का प्रावधान है।

आज का इतिहास

1914 में 14 मार्च के दिन ही तुर्की और सर्बिया ने शांति समझौते पर साइन किए थे। 1931 में आज ही के दिन भारत की पहली बोलती फिल्म आलमआरा का मुंबई में प्रदर्शन हुआ था। 1955 में 14 मार्च के दिन ही राजकुमार महेंद्रनेपाल के राजा बने थे। 1965 में आज ही के दिन इजरायली मंत्रिमंडल ने पश्चिमी जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध बहाल करने पर सहमति दी थी। 1976 में 14 मार्च के दिन ही अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया था। 1988 में आज ही के दिन गणित प्रेमियों के लिए खास दिन 'पाई डे' पहली बार मनाया गया था। 1993 में 14 मार्च के दिन ही ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने 18 वर्ष की आयु में तस्मानिया के लिए खेलते हुए दो शतक बनाए थे। 1998 में आज ही के दिन सोनिया गांधी पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष बनी थीं। 1999 में 14 मार्च के दिन ही स्पेन के कार्लोस मोया विश्व का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बने थे। 2004 में आज ही के दिन चीन में निजी संपत्ति को क़ानूनी मान्यता देने के लिए संविधान में संशोधन हुआ था।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अपने दिल की हर धड़कन

अपने दिल की हर धड़कन में तुम्हें बसाया करती हूं, गीत ,ग़ज़ल , छंदों में अक्सर तुमको गाया करती हूं से प्रेम हुआ है मुझको सुध बुध अपना मैं भूल गई कोई पूछे गर नाम मेरा मैं तेरा बताया करती हूं ।

अनुराधा सिंह

स्वयं इतना कभी अभिमान

स्वयं इतना कभी अभिमान न हो। आँसू का कोई भी अपमान न हो।। मैं नहीं रहा कभी श्राप बन कर। तुम भी वैसे, कोई वरदान न हो।। किस काम के वो रिश्ते जहाँ पर। एक दूजे के वास्ते सम्मान न हो।। सोच लेना गुनाह करने से पहले। जगह बता, जहाँ भगवान न हो।। सच तो केवल वही सच होता है। कमल जैसे सच ही भगवान हो।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो।

कमलकांत डोंगरे

ख़ास पाती | इतना ही बस सोचकर जाने दिया

इतना ही बस सोचकर जाने दिया लौट आएगा अगर जाने दिया क़ैद में रक्खा नहीं रिश्ता कोई जिसको जाना था जिधर जाने दिया यूँ रिहाई डर से हम तो पा गए जो बिखरना था बिखर जाने दिया टूट जाएगा त'अल्लुक़ खुद से ही ये सुख़न का शौक़ गर जाने दिया।

पुष्प सैनी 'पुष्प'

रूह तलक जिस पर हम अपना सब

रूह तलक जिस पर हम अपना सब अधिकार समझ बैठे कितना कच्चा रिश्ता था हम जिसको प्यार समझ बैठे एक ज़रा सी आँधी आयी तिनका-तिनका बिखर गया आज समझ आया है हमको हम बेकार समझ बैठे उसको दिल की धड़कन माना दर्दो ग़म में शामिल कर ज़ह्र दिया है उसने लेकिन हम उपचार समझ बैठे कितनी बातें भोली - भाली वो करता था घंटों तक धोखा देने वाले को ही हम लाचार समझ बैठे उसको उसकी गलती का बस अहसास कराया था इसको ही वो अपने दिल पर मेरा वार समझ बैठे सच को सुनना सच को कहना सबके बसकी बात नहीं अर्थ ग़लत मेरी बातों का वो हर बार समझ बैठे।

मित्र ग़ाज़ियाबादी

साहस नहीं होता शत्रु से लड़ने का जिनमें

साहस नहीं होता शत्रु से लड़ने का जिनमें --बुरे वक्त में अकसर वे अपनो का साथ छोड़ देते हैं मुश्किल आई है तो चली भी जायेगी एक दिन , यह सब जानते हैं फिर भी आदमी की इस फ़ितरत को क्या नाम दें जो डरकर उसी शत्रु से नाता जोड़ लेते हैं । **रामकिशोर उपाध्याय**

एक दिन विलीन हो जाएगा समन्दर भी

एक दिन विलीन हो जाएगा समन्दर भी नदियों की तरह, स्त्रियों ने समन्दर सोख लिया है अपनी आँखों में, एक दिन चिड़िया छोड़ देगी चहकना नन्ही मासूम बेटियों की तरह, उन्होंने देखा है हर गली में भेड़ियों को घुमते हुए, एक दिन बादल बरसना छोड़ देंगे उन्हें ज्ञात हो गया है, धरती पर अब उन्हें नर्म स्पर्श फूलों का मिलेगा नहीं...और वो चोटिल होंगे रेत से टकराकर...

शिल्पी अग्रवाल

साथिया साथ आ बस जरा दूर तक

साथिया साथ आ बस जरा दूर तक उन झुके बादलों के नगर से चलें । फूल सी खिलखिलाती हुई रात में चांदनी की सलोनी डगर से चलें । मखमली सी हवाएं ,जरा डोलतीं पंख उड़ने को अपने लता खोलतीं हम सजाकर सजीले सजीले सपन आओ अब तितलियों के दर से चलें उन झुके बादलों के..उड़ चलें कल्पना में कहीं दो- घड़ी प्यार की दो घड़ी हैं , सदी से बड़ी ज़िन्दगी खुद बुलाती ज़रा पास आ मांझिया सबनमी सी उस सहर चलें उन झुके बादलों के... यहां गुमसुम हवाएं बहकने लगें प्रेम के फूल खिल के, महकने लगें जिस नगर में रुके चांदनी रात को साथिया आज हम उस शहर से चलें उन झुके बादलों के..

अजय सिंह भदौरिया

तेरे मेरे इश्क का अंदाज ही कुछ ओर सा

तेरे मेरे इश्क का अंदाज ही कुछ ओर सा था वो चांद की रोशनी भी ओर ही थी वो मुलाकातों का मुकम्मल होना भी तय ही था वो हालात ए अहसास का होना भी तय ही था तेरे मेरे इश्क का अंदाज ही कुछ ओर सा था....

सोनू कुमार आकाश

QUIZ TIME

1) स्क्वायर किलोमीटर एरिया ऑब्जर्वेटरी क्या है?

2) पुर्तगाली यात्री नूनीज, विजयनगर में किसके शासन काल में आया था?

3) कौन गुलरुखी के उपनाम से कविताएं लिखा करता था?

4) जनवरी 2024 को मलेरिया के खिलाफ दुनिया का पहला नियमित टीका कार्यक्रम किस देश में शुरू किया गया था?

5) भारत की पहली महिला महावत का क्या नाम है जिन्हे पद्मश्री 2024 से सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रेडियो दूरबीन सरणी (2) अच्युतराय (3) सिकन्दर लोदी (4) कैमरून (5) पारबती बरुआ

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज के दिन आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी दिन के आरंभ में मन मे आध्यात्मिक भाव रहेगा भजन पूजन में समय देंगे।

वृष: आज का दिन आपको हानिकर रहेगा। पूर्व में बनाई योजनाए आर्थिक अथवा अन्य कारणों से आरम्भ नही हो सकेंगी।

मिथुन: आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। कार्य व्यवसाय अच्छा चलने से धन लाभ के कई अवसर मिलेंगे।

कर्क: आज के दिन आपकी लाभा-लाभ वाली स्थिति रहेगी। कार्य क्षेत्र पर विरोधी नतमस्तक होंगे। पारिवारिक मामले हो या सार्वजनिक आज आप सभी जगह अपनी व्यवहार कुशलता से आसानी से कार्य बना लेंगे।

सिंह: आज के दिन आप पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा मानसिक रूप से हल्कापन अनुभव करेंगे। धन लाभ कम परन्तु समय से होगा। सन्तानो के व्यवहार में उदंडता आएगी।

कन्या: आज का दिन स्वास्थ्य के लिए हानिकर है दिन के आरम्भ में शरीर मे दर्द, अकड़न की शिकायत रहेगी।

तुला: आज का दिन आपको अधिकांश कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में आकस्मिक धन लाभ होने से उत्साह बढेगा कार्यो को अधिक समर्पण के साथ करेंगे।

वृश्चिक: आज के दिन आप अपनी एवं परिवार की महात्त्वकांक्षाओ को पूर्ण करने का पूरा प्रयास करेंगे।

धनु: आज के दिन आपकी बुद्धि विवेक जाग्रत होने से प्रत्येक कार्य सोच समझ कर ही करेंगे। संध्या के समय आवश्यकता अनुसार धन लाभ हो जाएगा।

मकर: आज के दिन आपको अधिकांश कार्यो में दौड़-धूप के बाद ही सफलता मिलेगी। नौकरी करने वाले लोग आज ज्यादा परेशान रहेंगे।

कुंभ: आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगा। घूमने-फिरने के अवसर भी मिलेंगे।

मीन: आज दिन के आरम्भ में आप प्रत्येक कार्यो से मन चुरायेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -362

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 361का हल

दा	ढ़ी		की		खा	सो	आ	म
वा		त	म	न्ना			जा	
न	जा	क	त		बा	अ	द	ब
ल		ली		वि	ला	प		हा
	अ	फ	सा	ना		मा	हि	र
दा	ब			श	गु	न		
न		उ	प	का	र		शि	
व		त्स		र		त	क	ला
	सा	व	न		गु	रु	वा	र

4 जुआरी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने असमाजिक तत्वों एवं जुआरियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत की बड़ी कार्रवाई की है। जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को मुखबिर की सूचना मिली की ग्राम घुटेली मे कुछ लोगो के द्वारा 52 पत्ती तास मे पैसे के लिए हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी पथरिया संतोष शर्मा द्वारा एक टीम बनाकर गाँव मे खेल रहे जुआ घेराबंदी कर पकड़ लिया। जहाँ से 4 जुआरी प्रशांत यादव पिता सोहन यादव, तेकराम साहू पिता विश्राम साहू, राहुल यादव पिता सोहन यादव सरगांव , शिलेन्द्र कोशले पिता दल्लू ग्राम डिघोरा को पकड़कर थाना लाया गया। जहाँ जुआरियों के पास से 2130 रूपये एंव हीरो मोटरसायकल जिसकी क़ीमत 40 हजार रूपये जप्त किया गया। पुलिस जुआरियो के ऊपर धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

नेहरू उत्कर्ष योजना: लिखित परीक्षा की प्रावीण्य सूची जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनके लिए निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा पश्चात प्रावीण्य सूची जारी कर दी गई है। जिसका अवलोकन कोटा, बिल्हा, मस्तूरी एवं कोटा के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर के कार्यालय में किया जा सकता है। जारी सूची के संबंध में दावा आपत्ति 14 मार्च तक संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के कार्यालय को सूचित कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 22 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 22 मार्च को संभागीय संयुक्त संचालक कृषि द्वारा गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाईन दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में आकाशवाणी केंद्र से माह अप्रैल 2024 में किसानवाणी कार्यक्रम अंतर्गत प्रसारण होने वाले विषय एवं वार्ताकार तय किये जाएंगे।

महतारी वंदन योजना से महिलाओं को क्राइटेरिया बनाकर किया जा रहा बाहर- सुनील

सीपत/नवप्रदेश। बढ़ती बेरोजगारी बढ़ती महंगाई मोदी की गारंटी जुमलों के विरोध में 11 मार्च को युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास का घेराव व बूढ़ा तालाब रायपुर में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मस्तूरी विधानसभा से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। मस्तूरी विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार मोदी की गारंटी के तहत प्रत्येक महिलाओं को 1000 रुपए महीना देने की बात कही थी। लेकिन अब उसमें क्राइटेरिया बनाकर लोगों को बाहर किया जा रहा है। महिलाएं बैंक का चक्कर काटने को मजबूर है। युवा वर्ग हताश व परेशान है। महंगाई के लिए सिर्फ केंद्र सरकार ही जिम्मेदार है। महंगाई बढ़ाकर देश को गर्त पर धकेला जा रहा है। केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल है चाहे वो 2 करोड़ नौकरी, 2500 बेरोजगारी भत्ता, 500 सिलेंडर का वादा 3100 रूपए में धान खरीदी की बात हो। रोजगार दो न्याय दो के तर्ज पर राज्य और केंद्र सरकार की विफलताओं और उनके द्वारा बोल गए झूठो को युकां द्वारा आम जनता तक ले जाया जा रहा है। सुनील पटेल ने कहा कि 45 साल में बेरोजगारी की दर आज सबसे ज्यादा है। छत्तीसगढ़ में 6 हजार आरक्षक भर्ती के पदों के लिए 7 लाख आवेदन इसी से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि बेरोजगरी का दंश किस कदर है। प्रदर्शन में मस्तूरी युकां अध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में हुंकार भरने युकां जिला महासचिव वीरेंद्र लैहर्षण मस्तूरी युकां उपाध्यक्ष नीतीश जायसवाल सीपत युकां अध्यक्ष प्रितेश पनौरे रोशन राय राजा राय दुर्गा प्रसाद चमन बर्मन मोनू टंडन सहित सैकड़ों की संख्या में विधानसभा से युवक कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ी गांवों की नहीं जनभाषा- डॉ. घृतलहरे

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में पदस्थ और शासकीय मदन लाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीपत जिला बिलासपुर में हिन्दी विभाग में विभागाध्यक्ष के दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहे साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. हेमन्त पाल घृतलहरे ने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा महानदी भवन, नवा रायपुर में मंत्रालयीन अधिकारी/कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ी में कामकाज करने आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूसरे दिन मुख्य वक्ता/प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित होकर प्रशिक्षण दिया। छ.ग. राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़ी के मानकीकरण और छत्तीसगढ़ी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। डॉ. घृतलहरे ने आयोग के इन कार्यों और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की सराहनीय की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी की वंदना में केदार यादव के गाए गीत ÷मोर भाखा संग दया मया के सुग्घर हावय मिलाप रे÷ का गायन किया। मुख्य वक्ता/ प्रशिक्षक के रूप में डॉ. हेमन्त पाल घृतलहरे ने कहा कि हम सब छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़िया की सेवा के लिए नियुक्त किए गए हैं और इनकी सेवा छत्तीसगढ़ी के बिना नहीं हो सकती। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने निज भाषा की उन्नति को विकास का आधार बताया था और कहा था कि निज भाषा की उन्नति से स्वाभिमान और आत्म सम्मान

लोरमी में डिप्टी सीएम साव के प्रस्ताव पर 86 विकास कार्यों की जल्द मिलेगी स्वीकृति

मुख्यमंत्री सचिवालय ने सामान्य प्रशासन विभाग को लिखा पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के विभिन्न गांवों में मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण से निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के भेजे प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय ने सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर उप मुख्यमंत्री द्वारा अनुशंसित कार्यों के लिए राशि जारी करने का आग्रह किया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोरमी विकासखंड के विभिन्न गांवों में तीन करोड़ तीन लाख रुपए लागत के 86 कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजा है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी विकासखंड में 45 लाख रुपए की लागत के 44 आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत एवं उन्नयन कार्य, एक करोड़ 60 लाख रुपए लागत के 23 स्कूलों में अतिरिक्त कमरा निर्माण, शौचालय निर्माण, किचन शेड, मरम्मत कार्य एवं पेयजल व्यवस्था तथा 58 लाख रुपए लागत के नौ सीसी रोड व अहाता निर्माण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने आठ लाख रुपए की लागत से दो उप स्वास्थ्य केंद्रों के मरम्मत, संधारण एवं उन्नयन कार्य, छह लाख रुपए की लागत से दो उप स्वास्थ्य केंद्रों में बाउंड्रीवॉल निर्माण, सात लाख रुपए की लागत से एक उप स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य मार्ग से अस्पताल तक सीसी रोड निर्माण, 16 लाख रुपए लागत के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बाउंड्रीवॉल निर्माण और लोरमी के 50 बिस्तर अस्पताल में जेनरेटर के लिए तीन लाख रुपए का प्रस्ताव भी प्राधिकरण को अनुशंसित किया है।

4 ट्रैक्टर, एक पोकलेन जब्त 2.64 लाख का जुर्माना

अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। खनिज अमला ने खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई कर रही है। विभिन्न माध्यमों से शिकायत सूचना प्राप्त होने पर विगत एक सप्ताह में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के कुल 7 मामलों पर कार्रवाई की गई।

पिरैया, कोनी, कछार, एवं सरकण्डा क्षेत्रों में जांच के दौरान अवैध रेत परिवहन के 4 मामलो पर कार्यवाही करते हुए 4 ट्रैक्टर जप्त कर प्रकरण का निराकरण करते हुए अर्थदण्ड की राशि रु. 53,864 / खनिज मद में जमा कराया गया है। इसके अतिरिक्त अमलडीहा एवं उदईबंद क्षेत्रों में अवैध रेत उत्खनन करते पाये जाने पर प्रकरण दर्ज कर 1 पोकलेन मशीन जप्त कर प्रकरण का निराकरण करते हुए अर्थदण्ड की राशि रु. 50,000 /- खनिज मद में जमा कराया गया है। ग्राम पिरैया में अवैध रेत भण्डारण के 02 मामलो पर कार्रवाई करते हुए अर्थदण्ड की राशि रू. 1,60,400/- खनिज मद में जमा कराया गया है। जप्त खनिजमय वाहनों पर खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमला द्वारा रेत उत्खनन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्रों का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खनन परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जाएगा।

बहतराई स्टेडियम के हाकी मैदान में बनेगी गैलरी, फ्लड लाइट लगेगी

विधायक सुशांत और धरमलाल ने किया भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बहतराई स्थित राज्य स्तरीय खेल प्रशिक्षण संस्थान के हाकी मैदान में वर्षों से लंबित गैलरी निर्माण और फ्लड लाइट की सौगात अब खिलाड़ियों को मिलने जा रही है। 10 करोड़ 29 लाख रूपये की लागत से पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जाने वाले गैलरी और फ्लड लाइट कार्य का आज बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा की हाकी मैदान में गैलरी के निर्माण से यह स्टेडियम पूर्ण रूप से सर्वसुविधायुक्त हो जाएगी, जिससे राज्य के खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा और फ्लड लाइट लगने से रात्रिकालीन मैच का आयोजन किया जा सकेगा। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा की हाकी मैदान में गैलरी और फ्लड लाइट की मांग काफी समय से की जा रही थी,जिसके पूरा होने से हाकी खिलाड़ियों के साथ साथ खेल प्रेमियों को भी फायदा मिलेगा। खिलाड़ियों की गुणवत्ता में संसाधन और विकसित स्टेडियम की बहुत बड़ी भूमिका होती है।

सेक्रो ने किया मंडल के महिला कर्मचारियों का सम्मान

लिटिल बन्नी स्कूल में कवि गोष्ठी 'शक्ति गर्जना' का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेक्रो बिलासपुर मण्डल, रेलवे के कर्मचारियों तथा उनके परिवार के कल्याण के लिए हमेशा से ही कार्यरत है। साथ ही सेक्रो बिलासपुर मंडल ने समय समय पर भारत की संस्कृति को संरक्षित, संवर्धित व पोषित करने में भी अहम भूमिका निभाती आई है ।

इसी कड़ी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत मंडल सेक्रो द्वारा मंडल के महिला कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु सम्मान-समारोह का आयोजन लिटिल बन्नी स्कूल प्रांगण में किया गया । समारोह में मंडल सेक्रो अध्यक्षा श्रद्धा पाण्डेय मुख्य अतिथि थी 7 इस अवसर पर सेक्रो उपाध्यक्षा मीनाक्षी राज, डॉ रश्मि देवांगन, सचिव मीरा यादव, कोषाध्यक्ष संध्या रंगाराव सहित अन्य सदस्याएं एवं महिला रेलकर्मियों की उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ सेक्रो अध्यक्षा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात् महिला कर्मचारियों के मनोरंजन हेतु नृत्य व कवि गोष्ठी शक्ति गर्जना का आयोजन हुआ 7 कवि गोष्ठी में श्रद्धा शौर्य व कल्याणी डाहरे (नागपुर), प्रियंका त्रिपाठी (कटनी) ने अपनी महिला सशक्तीकरण से संबन्धित कविताओं का पाठ कर उपस्थित महिला कर्मचारियों का उत्साहवर्धन व खूब मनोरंजन किए। इसके पश्चात रेल संचलन में उत्कृष्ट कार्य संपादित करने वाले मंडल के 42 महिला कर्मचारियों को मंडल सेक्रो अध्यक्षा श्रद्धा पाण्डेय के करकमलों से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा मंडल सेक्रो अध्यक्षा श्रद्धा पाण्डेय ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनायें दी। अपने उद्बोधन में उन्होने कहा कि आप सभी साहसी और अविश्वसनीय महिलाओं की उपस्थिति और आपके द्वारा किए गए कार्यों का कुछ शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। आप में से प्रत्येक में एक विशेष खूबी है जो आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

किराए के मकान में चलाया जा रहा स्कूल!

बुनियादी सुविधाओं का अभाव, शौचालय तक नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला के विकासखंड कोटा परिक्षेत्र के अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं को दरकिनार कर स्कूल संचालित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर लिखित शिकायत की गई है, जिस विभाग के उच्च अधिकारी जांच करने की बात कर रहे हैं।

किसी भी देश के विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा ग्रहण करने वाला स्थान मनुष्य के जीवन को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक जीवन जीने की कला सीखाती है। वहीं इन दिनों शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाला स्कूल कुछ लोगों के लिए व्यापार का साधन बन चुका है। अधिकांश देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों पर स्कूल का संचालक अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। वही चंद स्वार्थी लोग शिक्षा नीति की धज्जियां उड़ा कर मुनाफाखोरी की चाहत मे बच्चों के भविष्य एवं सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला बिलासपुर जिला के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोटा परिक्षेत्र पर देखने को मिल रहा है जिसमें कि शिकायतकर्ता ने मामले को लेकर 16 फरवरी 2024 लिखित शिकायत किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राम सिंह यादव पिता शिवरतन सिंह यादव जिला बांदा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जो कि विगत 2 वर्ष पूर्व से विकासखंड कोटा ग्राम बिटकुली चौक पर एक मकान को किराए पर लेकर स्कूल संचालन कर रहा है।

कुआं हो सकता है जानलेवा

विकासखंड कोटा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिटकुली चौक पर सरस्वती विद्यापीठ नाम से स्कूल संचालन किया जा रहा है। उस स्कूल पर बच्चों के साथ दुर्घटना होने की संभावनाएं है दरअसल जहां पर स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उसके पीछे कांटा तार से घिरा हुआ लगभग 2000 वर्ग फुट खाली स्थान है. वहा पर एक कुँआ मौके पर स्थित है, जो पूरी तरह खुला हुआ है, जिसमें कि नाबालिग बच्चों के साथ बड़ी घटना होने की संभावना है।

15 सौ मानदेय पर शिक्षक

विकासखंड कोटा के अंतर्गत ग्राम बिटकुली पर संचालित स्कूल पर मीडिया ने जानकारी लिया तब पता चला कि के. जी. वन से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाता है, जहां पर मात्र तीन शिक्षक इस कार्य को करते हैं. मौके पर मौजूद एक शिक्षक ने बताया कि उन्हें पढ़ाने के एवज में स्कूल संचालक के द्वारा 15 सौ रूपए प्रतिमाह वेतन देते हैं। वही माह के अगर चार रविवार छुट्टी के दिन को छोड़ दिया जाए तो शिक्षक अपनी सेवा 26 दिन देते हैं इस हिसाब से एक दिन पढ़ाने के एवज में स्कूल संचालक शिक्षक को लगभग मात्र 57.692 रुपय भुगतान करता है।

महिला की मिली निर्वस्त्र लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले में नग्न अवस्था में महिला की घर में लाश मिली है। झोपड़ी नुमा मकान में महिला की लाश नग्न अवस्था में थी और महिला के मुंह में साड़ी ठूंसी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि घर घुसकर दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या कर दी गई होगी। मामला कोटा थाना क्षेत्र का है। बीती रात कोटा थाना क्षेत्र में पिकनिक मना कर वापस आ रहे युवाओं के साथ मार पीट के बाद गोलीकांड को घटना सामने आई थी। जिसमें एक सरदार युवक के पेट में गोली मार कर घायल कर दिया गया था। अब मजदूर महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या का संदिग्ध मामला सामने आया है। कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवरा में रोजी मजदूरी करने वाली महिला की लाश मिली है। मिली जानकारी के अनुसार तखतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला बीते कुछ दिनों से कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवरा में तालाब किनारे झोपड़ी बना कर रहती थी। वह रोजी मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी। कल सोमवार की सुबह महिला की लाश झोपड़ी में देखकर गांव के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को नग्न अवस्था में महिला की लाश मिली उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था और महिला के मुंह पर उसकी साड़ी को ठूंस दिया गया था। शरीर पर चोट के भी निशान थे। जिसके चलते दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस संदेहियों से पूछताछ के अलावा ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी ले रही है।

निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07752-222877 है। कंट्रोल रूम में अधिकारी-कर्मचारी चौबीसो घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे है। यह कंट्रोल रूम निर्वाचन की घोषणा के तारीख से निर्वाचन की समाप्ति तक संचालित होगा। निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान व्यय अनुवीक्षण में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य संपर्क स्थापित करने, अनुवीक्षण दलों को सूचना देने, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग संबंधी जानकारियों एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान एवं शिकायतों को रजिस्टर करने यह कंट्रोल रूम कार्य करेगा।

महिला से दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

नकाबपोश युवक ने महिला के घर में घुसकर दिया घटना को अंजाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। रात को घर के बालकनी के रास्ते घुसकर पीड़िता से मारपीट कर दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को सिविल लाइन पुलिस ने सीसीटीव्ही कैमरे की मदद से गिरफ्तार किया गया।

पीड़िता थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 4 मार्च के रात्रि करीब 3 बजे अज्ञात चोर बालकनी में मुंह बांधकर उसके रूम में घुसा फिर उसके साथ मारपीट गाली-गलौच कर पीड़िता का गला दबाया। सिर को दिवाल में पटक दिया। पीड़िता को डरा धमका कर जबरदस्ती बलात्कार किया और सोने की अंगूठी को पीड़िता के हाथ से निकाल कर ले गया। रिपोर्ट पर तत्काल पुलिस अधीक्षक को सूचित किया गया, जिनके द्वारा उक्त अज्ञात आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर कार्यवाही करने निर्देश दिए। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन उमेश प्रसाद गुप्ता (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में प्रकरण के अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य के नेतृत्व में थाना स्तर टीम गठित कर तत्काल घटना स्थल पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों से लगतार मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए घटना स्थल के आस पास के लगभग 180 सीसीटीव्ही कैमरों में पतासाजी किया गया। जिसमें अज्ञात आरोपी का हुलिया प्राप्त हुआ। आरोपी के उक्त हुलिये के आधार पर पता तलाश किया गया और मुखबिर तैनात किया गया। इसी दौरान मुखबिर के द्वारा बताया गया कि उक्त हुलिये का व्यक्ति वर्तमान में अमेरी निवासी अमन के साथ अमेरी में निवास कर रहा है। मुखबिर के बताये अनुसार स्थान पर जब पुलिस की टीम द्वारा घेराबंदी कर दबिश दिया गया तब उसी समय अज्ञात आरोपी के हुलिये से मिलता जुलता आरोपी बीर सिंह अपने एक्टीवा वाहन में अमन के घर आया और पुलिस को देखकर एक्टीवा को छोड़कर भागने लगा। जिसे करीबन 1 किलोमीटर रोड में दौड़ाकर बड़ी मशक्कत के बाद पकड़कर थाना लाये और कडाई सें पूछताछ किया गया जो दौरान पूछताछ के अपने साथियों के साथ घटना घटित करना स्वीकार किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सावधान.. बीपी-शुगर ...

डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स, गुडगांव का साउथ सीटी, दिल्ली का यमुना विहार शामिल था। दिल्ली पुलिस की एक टीम ने रैकेट के सबसे महत्वपूर्ण ठिकाने डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स पर छापा मारा। पुलिस के मुताबिक विफल जैन यहां कैंसर की नकली दवाएं बनाता था। पुलिस के मुताबिक उन्होंने डीएलएफग्रीन्स में दो ईडब्ल्यूएस फ्लैट किराए पर लिए थे। यहां वह कैंसर की दवा की खाली बोतलों को नकली दवाओं से भर देता था, जबकि उसका साथी सूरज दोबारा भरी हुई बोतलों को अच्छी तरह से पैक करके रखता था ताकि किसी को शक न हो।

सुप्रीम लताड़.. एसबीआई का...

की डिटेल्स हैं। बॉन्ड खरीदने की तारीख और रकम का जिक्र है। दूसरी फाइल में बॉन्ड इनकैश करने वाले राजनीतिक दलों की जानकारी है। कोर्ट को एसबीआई ने लिफ़ाफ़ाबंद पीडीएफ फाइल और उनके कोड भी दिए हैं। 2 पीडीएफ फाइल हैं। पीडीएफ फाइल पेन ड्राइव में भी रखी गई हैं, इन्हें खोलने के लिए पासवर्ड भी दिया गया है।

इंस्पेक्टर ने छात्रावास ...

इसके बाद मौके पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त अमित भाटिया पहुंचे और उन्होंने बंद कमरे में दोनों में सुलह करवाई। जहां पल्लव ने भी इसकी शिकायत न करने की बात कही, वहीं कोशले भी मौके से समझाईश के बाद चले गए।

सरकारी योजनाओं का पैसा

जाति-अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लोगों को हाशिए पर डाल दिया गया था। अब उन सभी की परवाह की जा रही है, जिनकी परवाह पहले नहीं की गई। गत 10 वर्ष में वंचितों को सम्मान भी दिया गया है। आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना में गैस चूल्हा प्रदान किया गया है। स्कॉलरशिप और फैलोशिप में वृद्धि की गई है। मुद्रा योजना का लाभ जरूरतमंदों को दिया गया है। डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पंच तीर्थों के विकास का कार्य हुआ है।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सीवर और सेप्टिक टेंक श्रमिकों को आज पीपीई कीट दी जा रही है। अनुसूचित जाति और पिछ?ा वर्ग के सफल स्टार्टअप में वेंचर कैपिटल फंड स्कीम/अम्बेडकर सोशल इनोवेशन इन्क्यूयबेशन मिशन के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है।

चुनाव से पहले कांग्रेस

लोकसभा चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं। उन्होंने कहा- अगर कार्यकर्ता उनसे चुनाव लड़ने के लिए कहेंगे तो वह ऐसा कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने संकेत दिया कि बढ़ती उम्र के चलते वह इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतरेंगे। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए खड़गे ने कहा- यह गलत है कि हम पीछे हट रहे हैं। मैं 83 साल का हूं, आप (पत्रकार) 65 साल में रिटायर होते हैं, मैं तो 83 साल का हो गया।खड़गे ने आगे कहा- अगर हमारी पार्टी के कार्यकर्ता कहते हैं कि मुझे लड़ना चाहिए तो मैं जरूर लड़ूंगा। हमारे पास एक ही सीट मांगने वाले दस लोगों की सूची भी है। खड़गे 2009 और 2014 में कर्नाटक के कलबुर्गी से सांसद चुने गए थे और 2019 में हार गए थे।

हरियाणा के नए सीएम

कहा कि बिना सांसद पद छो? वह सीएम नहीं बन सकते। हरियाणा में 2019 से भाजपा और जेजेपी साथ मिलकर सरकार चला रही थीं। लोकसभा सीटों में बंटवारे पर बात नहीं बनने के कारण मंगलवार (12 मार्च) को भाजपा ने गठबंधन तो?कर निर्दलीयों के सहारे नई सरकार बना ली।

कांग्रेस के पूर्व विधायक

मुझे ब?ा दुख हुआ क्योंकि, हम रघुवंशी समाज से हैं और भगवान श्री राम के वंशज कहलाते हैं। तो हम चाहते हैं कि इस देश में धर्म की जय हो और गांधी जी के मार्ग पर चलकर के जिन्होंने आखिरी वक्त में भगवान राम का नाम लिया था। तो कांग्रेस जिन्होंने पैदा की उनके रास्ते से कांग्रेस भटक गई है।

एमपी की बची 5 सीटों

सांसद शंकर लालवानी और उज्जैन से अनिल फिरोजिया को टिकट दिया गया है। इंदौर प्रत्याशी लालवानी पूर्व में एक बार बीजेपी नगर अध्यक्ष रह चुके, एक बार आईडीए अध्यक्ष रहे, एक बार नगर निगम सभापति और 3 बार पार्षद रहे। उज्जैन से बीजेपी प्रत्याशी अनिल फिरोजिया बजरंग दल में नगर संयोजक से लेकर जिला और मध्य भारत के प्रांत उपाध्यक्ष रह चुके हैं। भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, प्रदेश मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष की भूमिका निभा चुके हैं। इंदौर और उज्जैन सीट पर कांग्रेस ने अभी अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं।बीजेपी की दूसरी लिस्ट जारी हुई, उस वक्त इंदौर सांसद शंकर लालवानी जावरा कंपाउंड स्थित बीजेपी कार्यालय पर ही मौजूद थे। यहीं पर लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय बनाया गया है। मुख्यमंत्री इसी का उद्घाटन करने आए थे।

न्यूज गैलरी

लोकसभा चुनाव में कार्टून वार

बीजेपी ने कांग्रेस प्रत्याशी पर साधा निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर राजनीतिक पार्टियां मैदानी स्तर पर जुटी हुई है. वहीं आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है. इस बीच भाजपा ने कार्टून वार शुरू किया है. भाजपा ने आज फिर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया है. जिसमें बीजेपी ने लिखा है अवैध कब्जा सरगना. साथ ही उस पोस्टर में लिखा है, सुना है जांजगीर-चांपा में बहुत जमीन है. चलो कब्जा करते हैं. वहीं कैप्शन में भाजपा ने जांजगीर-चांपा की जनता से अपील करते हुए कहा है कि सावधान रहें, पूर्व कब्जाबाज मंत्री की नजर अब आपकी जमीन पर है.

बीते दिन बीजेपी ने एक पोस्ट किया था जिसको लेकर राजनीतिक गलियारों में बवाल मच गया था. बीजेपी ने एक्स पोस्ट में भूपेश बघेल को जेहादी गिरोह का झंडा थामे दिखाया और उनके पीछे खड़े लोगों को हाथ में तलवार लेकर खड़े होते हुए दिखाया गया. इसके साथ ही भूपेश को भाईजान अगला नंबर राजनांदगांव का है कहते हुए दिखाया गया है. इस पोस्ट के कैप्शन में बीजेपी ने राजनांदगांव या जिहादगांवज. चुनाव आपका है! लिखा है. बता दें कि जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया को प्रत्याशी बनाया है. वहीं बीजेपी ने कमलेश जांगड़े को अपना उम्मीदवार बनाया है।

राज्य में मोदी की गारंटी शतप्रतिशत हो रही पूरी: मंत्री लखनलाल देवांगन

रायपुर/नवप्रदेश। किसान हितैषी प्रदेश सरकार के मुखिया श्री विष्णु देव साय द्वारा आज जनकल्याणकारी योजना कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ करते हुए किसानों के खाते में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अंतर की राशि का अंतरण किया गया। बालोद जिले के सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक उन्नति योजना कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा हजारों किसानों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में राज्य के 24 लाख 72 हजार किसानों के खाते में 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आज का दिन सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार के गठन होने के साथ ही विकास कार्य प्रारंभ हो गए है। सरकार द्वारा पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में कमजोर परिवार के लोगो के लिए 18 लाख पक्के मकान निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर दो साल का बकाया बोनस का 12 लाख से अधिक किसानों को 3716 करोड़ रुपये प्रदान किया गया।

कमलवती डॉक्टर और मनीषा बनना चाहती है प्रोफेसर

रायपुर/नवप्रदेश। जंगल जतरा महासम्मेलन कोंडागांव में पहुंची कुमारी कमलवती और मनीषा की आंखों में भविष्य के सपने तैर रहे हैं। दोनों चेहरे पर मुस्कान और दिल में उमंग लिए महासम्मेलन में शिरकत करने पहुंची। कमलवती और मनीषा ने बताया कि वे दोनों लगाकर पढ़ाई करती हैं। दोनो के परिवार में तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाता है। राज्य सरकार की इस बेहद महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत यदि बच्चे कक्षा 10वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होती हैं तो उन्हें 15 हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी। इसी योजना का लाभ मिला दोनों बालिकाओं को। दोनों ने ही खूब मेहनत की और 76 और 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर छात्रवृत्ति की हकदार बनी। राज्य में नई सरकार गठन के बाद ये छात्रवृत्ति उनके खाते में प्राप्त हुआ। कमलवती और मनीषाअभी कक्षा 11वीं कक्षा में विज्ञान विषय लेकर पढ़ाई कर रही हैं। कमलवती ने बताया कि उन्होंने इस राशि से 11वीं के लिए जरूरी पुस्तक और अध्ययन सामग्री ली। वे भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। उनका कहना है 12वी में 75 प्रतिशत अंक लाकर 25 हजार की छात्रवृत्ति प्राप्त करेगी। इसी तरह कुमारी मनीषा भी 11वीं की पढ़ाई विज्ञान विषय लेकर कर रही है। वो प्रोफेसर बनना चाहती है। उनका कहना है राज्य सरकार की इस योजना से उन्हें खर्च की चिंता नहीं है। मैं पढ़ाई करना चाहती हूं। अब राज्य सरकार ही मेरे इस सपने को साकार करेगी।

हितग्राही सीताराम भारती को मुख्यमंत्री के हाथों मिला 2 लाख रुपए का चेक

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के बकावंड ब्लॉक से जंगल जतरा कार्यक्रम में पहुंचे ग्राम कोहकापाल के किसान श्री सीताराम भारती काफी खुश हैं क्योंकि उन्हें आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हाथों दो लाख रुपए का चेक मिला। श्री भारती ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना के तहत उन्हें यह राशि दी गई। श्री भारती ने भावुक होकर बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती कमला बाई भारती तेंदूपत्ता संग्राहक थी। साल भर पहले वह चेचक और पीलिया की बीमारी से गंभीर रूप से ग्रसित हो गई तथा इलाज के दौरान 23 जुलाई 2023 को वह परलोक सिधार गई। इससे उनका पूरा परिवार पूरी तरह से बिखर गया। श्री भारती ने कहा कि उक्त सुरक्षा बीमा योजना के तहत आज उन्हें दो लाख रुपए का चेक प्राप्त हुआ।

पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत चयन परीक्षा संपन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। चयन परीक्षा में 287 परीक्षार्थियों में से 282 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। परीक्षा में हिन्दी, अंग्रेजी, पर्यावरण, विज्ञान एवं गणित विषयों से संबंधित कुल 100 प्रश्न पूछे गए थे।
जिसमें प्रत्येक प्रश्न पर 1-1 अंक निर्धारित किया गया था। संस्था में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का होगा विकास

- समाजिक बुराइयों को दूर करना हम सब की जिम्मेदारी-डिप्टी सीएम साव
- सामूहिक आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में तहसील साहू संघ पलारी,रोहांसी,भवानीपुर,दतान परिक्षेत्र व नगर साहू संघ पलारी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आदर्श विवाह व सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम छेरकापुर में किया गया। अतिथियों ने भक्त माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कबीर आश्रम के महंत ने विधि विधान के साथ विवाह संपन्न कराया। उप मुख्यमंत्री श्री साव सहित समस्त अतिथियों और समाजिक पदाधिकारियों ने 28 जोड़े नव दंपत्तियों को शुभाशीष दी और उनके सुखमय व मंगलमय जीवन की कामना की।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर समाज आगे की ओर ले जाना है। इसके लिए समाज में मौजूदा बुराईयों एवं प्रथाओं को दूर करते हुए हम सब को शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। शिक्षित समाज से ही एक सशक्त राज्य और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि साहू समाज की सामूहिक आदर्श विवाह एक प्रशंसनीय पहल है। गरीब

परिवारों के माता-पिता को अपने बेटियों के शादी की चिंता सदैव बनी रहती थी। बेटियों की शादी के लिए कर्ज लेने या संपत्ति बेचने तक की नौबत आ जाती थी। इस आदर्श विवाह का लाभ उन गरीब परिवार की बेटियों को मिल रहा है। साहू समाज की इस पहल को निर्भीक निर्णय बताते हुए इसकी सराहना की। कार्यक्रम को विधायक श्री संदीप साहू एवं श्री मोतीलाल साहू ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर कसडोल विधायक श्री संदीप साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक सुश्री शकुंतला साहू, प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष श्री टहल सिंह साहू, जिला प्रशासन अधिकारी सहित समाज के अन्य पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके साथ ही मुख्य मंच से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

आर्टिकल 370 फिल्म ऐतिहासिक फिल्म है : राज्यपाल हरिचंदन

- राज्यपाल ने गणमान्य नागरिकों के साथ फिल्म देखी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ राजधानी रायपुर के स्थानीय मॉल में जाकर फिल्म 'आर्टिकल 370' देखी। फिल्म देखकर उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक फिल्म है। आजादी के 70 साल के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह साहसिक एवं महत्वपूर्ण फैसला लिया गया जिससे पूरे देश में देश भक्ति की भावना जागृत हुई और लोगों ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने पर खुशी व्यक्त की। इस निर्णय से जम्मू कश्मीर के विकास का रास्ता खुल गया।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं हो सकते और उन्होंने अपनी जीवन की कुर्बानी भी इस ध्येय के लिए दी थी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से

सीमा पार आतंकवाद में भी कमी आई है और जम्मू कश्मीर में शांति का वातावरण स्थापित हुआ है। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने सभी नागरिकों से इस फिल्म को अवश्य देखने की अपील की है।

इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार श्री राजेश श्रीवास्तव, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

कलिंगा विश्वविद्यालय में एआई रोबोटिक्स और ड्रोन लैब के लिए उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय में शनिवार शाम को पूरे छत्तीसगढ़ में एआई रोबोटिक्स और ड्रोन लैब के अपनी तरह के पहले उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन हुआ।

उत्कृष्टता केंद्र एआई रोबोटिक्स और ड्रोन लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा संकाय सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों और छात्रों की उपस्थिति में लैब के प्रवेश द्वार पर रिबन काटकर किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन समारोह हुआ। भारत ड्रोन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के निदेशक कर्नल एन. सी. गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। बीटीसीएस छठे सेमेस्टर के छात्र श्री आदित्य राज, श्री विकाश कुमार प्रधान और श्री राहुल बेहरा द्वारा एआई रोबोटिक्स और ड्रोन का एक प्रोजेक्ट प्रदर्शन किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य

अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) कर्नल उमेश कुमार मिश्र ने विभिन्न क्षेत्रों में एआई रोबोटिक्स और ड्रोन की भविष्य की संभावनाओं और महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकी नवाचार की आधारशिला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मानव बुद्धि की नकल करने की क्षमता के माध्यम से उद्योगों को नया आकार दे रही है। स्वास्थ्य सेवा में, एआई-संचालित प्रणालियाँ निदान, दवा खोज और व्यक्तिगत उपचार योजनाओं में क्रांति ला रही हैं, जिससे जीवन बच रहा है और रोगी के परिणामों में सुधार हो रहा है। इसी तरह, वित्त में, एआई एल्गोरिदम धोखाधड़ी वाली गतिविधियों का पता लगाने, निवेश को अनुकूलित करने और ग्राहक अनुभवों को बढ़ाने के लिए विशाल डेटासेट का विश्लेषण करता है।

पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर की गई कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर, डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में पर्यावरण विभाग की टीम ग्राम-धुसेरा, अभनपुर में संचालित मेसर्स विजय इंण्डस्ट्रीज से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग की जप्ति की कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि आवास एवं पर्यावरण विभाग, छ.ग. शासन द्वारा प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण तथा उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। पर्यावरण विभाग द्वारा लगातार उद्योगों की जांच कर धर-पकड़ का कार्य जारी है। इसी

क्रम में ग्राम-धुसेरा, अभनपुर में संचालित मेसर्स विजय इंण्डस्ट्रीज के निरीक्षण में उद्योग द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का निर्माण किया जाना पाया गया तथा उद्योग से भारी मात्रा में लगभग 131 कि.ग्रा. प्लास्टिक कैरी बैग जप्त किया गया। साथ ही उद्योग को जल एवं वायु अधिनियमों के निहित प्रावधानों के तहत् संचालन बंद करने का निर्देश जारी किया गया तथा विद्युत विभाग को उक्त उद्योग का विद्युत विच्छेदन करने बाबत् भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा आगे भी लगातार कार्यवाही जारी रखने तथा किसी भी तरह के प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों का उत्पादन करते पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी तरह तान्या चंद्राकर ने मुख्यमंत्री को उनके और उनकी माता की फोटो फ्रेम भेंट की। उन्होंने बताया की वह यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं और तक्षशिला में उन्होंने सदस्यता ली है। यहां उपलब्ध डिजिटल रीडिंग जोन, परिसर में वाई-फाई जैसी सुविधाओं से उनके पढ़ाई में बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए अत्याधुनिक लाइब्रेरी बनवाने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया।

'मोदी की गारंटी' पर अमल करने फेडरेशन ने विधानसभा अध्यक्ष से लगाई गुहार

- विधानसभा अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र पहल करने दिया ठोस आश्वासन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए प्रमुख वादे ÷मोदी की गारंटी÷ पर अमल करने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को फेडरेशन ने 23 फरवरी को बस्तर से सरगुजा तक प्रभावी रैली निकालकर राज्यव्यापी प्रदर्शन किया था।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि देर रात छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से प्रतिनिधिमंडल ने भेंटकर मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान डीए देय तिथि से देने, सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त एवम् वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग रखी गई। फेडरेशन द्वारा पूर्व में इन मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया था।इन मांगों के समर्थन में डॉ रमन सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया था।विधानसभा अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को आचार संहिता के पूर्व सीएम एवम् वित्त मंत्री से चर्चा कर आदेश जारी कराने ठोस पहल करने का आश्वासन दिया गया।

उन्होंने आगे बताया कि फेडरेशन हमेशा संवाद के माध्यम से अपने मौलिक अधिकार के लिए पहल करता है।लेकिन विगत ढाई महीने बीत जाने के बाद भी कर्मचारी हित में एक भी निर्णय नहीं होने से प्रदेशभर के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। सरकार यदि कर्मचारी हित में शीघ्र निर्णय नहीं लेती तो फेडरेशन आने वाले दिनों में इन मांगों को लेकर उग्र आंदोलन करेगा। प्रदेशभर में आगामी आंदोलन को लेकर मीटिंग का दौर जारी है।

फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल में बी.पी.शर्मा,पंकज पांडे, सत्येंद्र देवांगन,उमेश मुदलियार,अजय तिवारी, राकेश शर्मा, बिहारी लाल शर्मा, जी.के.देशमुख,नरेंद्र देशमुख आदि शामिल थे।

****

प्रबंध संचालक मिश्रा ने किया शहर में संचालित अंडरग्राउंड केबलिंग कार्यों का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम कमिश्नर और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सी.एस.पी.डी.सी.एल. और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ शहर में संचालित अंडरग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई.

एंड टी.) श्री पी.के. पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री बी.आर. अग्रवाल सहित सी.एस.पी.डी.सी.एल. के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण भ्रमण के दौरान मालवीय रोड, आमापारा, लाखे नगर, ईदगाह भाटा, राजकुमार कॉलेज से त्यात्यापारा चौक से बढ़ई पारा राठौर चौक तक चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समयबद्ध योजना के तहत सभी कार्य पूरे किए जाए एवं कार्य के दौरान नागरिकों को समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

ग्राम बंगोली के किसान नायक को मिला 11 लाख 70 हजार रूपये

- दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहा, मिली सहायता से खेती व्यवसाय को देने बढ़ावा और बच्चों को देंगे अच्छी शिक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। कृषक उन्नति योजना के तहत राशि प्राप्त होने से किसानों में उत्साह है और उनके चेहरे खिल उठे है। बंगोली गांव के किसान श्री अनिल नायक की उन्नति की राह आसान होगी। वे कहते है कि योजना के तहत 11 लाख 70 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि का इस्तेमाल खेती के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए करेंगे। करीब 70 एकड़ में धान की खेती करने वाले श्री नायक अब साग-सब्जी और कपास की बड़े पैमाने पर करेंगे। साथ ही गन्ने की खेती भी करेंगे। इससे उनकी आमदनी अधिक होगी। इसके लिए

तारक खेत में बोर कराएंगे और डबल फसल उगाएंगे

धमनी गांव के किसान श्री कौशल तारक बताते हैं कि वे 10 एकड़ में धान की खेती करते है। खेत में बोर नहीं होने की वजह से डबल फसल लेने में काफी तकलीफें होती थी। फसल खराब होने की चिंता रहती थी, लेकिन कृषक उन्नति योजना के तहत एकमुश्त राशि मिलने से बेहतर सदुपयोग कर पाएंगे। खेत में प्राथमिकता के साथ बोरवेल कराएंगे और रबी फसल भी उगाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। श्री तारक को 1 लाख 75 हजार रूपये की सहायता मिली।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार को बहुत - बहुत धन्यवाद करते है। इस योजना से किसानों उन्नति की ओर अग्रसर होंगे। वे कहते है कि अब आधुनिकता के साथ खेती कर सकेंगे। इससे लागत भी कम होगी और समय की भी बचत होगी।

कैलाश ने कहा बच्चों की फीस जमा करने की चिंता हुई दूर

तेंदुआ गांव के किसान श्री कैलाश साहू छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते हुए कहते है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों को काफी राहत मिली है। वे कहते है कि योजना के तहत एकमुश्त राशि मिलने से बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और बेटी नेहा व डिंपल के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई की फीस जमा करने की चिंता नहीं रहेगी। श्री साहू को 44 हजार 749 रूपये की सहायकता मिली।

राशि का उपयोग उन्नत कृषि अपनाने के लिए करूँगा : संतोष वर्मा

धरसीवा के कृषक श्री संतोष वर्मा जिनको चार लाख तीन हज़ार चार सौ अस्सी रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया और माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव सहाय के बटन दबाते ही उसके खातें में यह राशि अंतरित की गई। श्री वर्मा जी बताते हैं कि पूर्व शासन में भी बोनस के तौर पर राशि प्रदान की जाती थी लेकिन वह राशि अलग-अलग समय पर किस्तों के माध्यम से प्राप्त होती थी। किस्तों में प्राप्त होने के कारण वह राशि घर के किसी छोटे-मोटे उपयोग में खर्च हो जाते थे लेकिन भविष्य निधि के तौर पर उसका कोई उपयोग नहीं कर पाते थे। वर्तमान में मोदी की गारंटी के से हमारे मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी के सरकार ने एक मुस्त राशि देने की योजना बनाई और कृषक उन्नति योजना के तहत आज मुझे एक मुस्त में चार लाख तीन हजार चार सौ अस्सी रुपये दिया जा रहा है। इसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। इस राशि का मैं अपने खेती में ही उन्नत तकनीक को अपनाने के लिए उपयोग करूंगा।

आईपीओ की कमजोर शुरुआत, डिस्काउंट पर हुई लिस्टिंग

नईदिल्ली। जिंक ऑक्साइड के कारोबार से जुड़ी कंपनी जेजी केमिकल्स (जेजी केमिकल्स) के आईपीओ ने आज यानी बुधवार को शेयर बाजार में एंट्री कर ली है। कंपनी का शेयर बीएसई-एनएसई पर डिस्काउंट पर लिस्ट हुआ है।

जेजी केमिकल्स के आईपीओ ने निवेशकों को निराश किया है। बीएसई पर शेयर 4.5 फीसदी के डिस्काउंट पर 211 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ। वहीं, एनएसई पर 5.43 फीसदी के डिस्काउंट पर 209 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ।

जेजी केमिकल्स के 251 करोड़ रुपये के आईपीओ को 27.78 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जिसमें गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) ने अपने अलॉटेड शेयरों के कोटे से 46.33 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन प्राप्त किया। योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) ने अपने कोटे के 32.09 गुना शेयर खरीदे, जबकि खुदरा निवेशकों के लिए निर्धारित हिस्से को 17.44 गुना सब्सक्रिप्शन मिला।

फीकी एंट्री से निवेशक उदास, 12 फीसदी से अधिक का हुआ घाटा

नईदिल्ली । प्रोसेसिंग मशीनरी बनाने वाली कंपनी सोना मशीनरी के शेयरों की आज बाजार में फीकी एंट्री हुई है। एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर की 125 रुपये पर एंट्री हुई है यानी कि आईपीओ निवेशक 12 फीसदी से अधिक के घाटे में हैं।

लिस्टिंग के बाद शेयर थोड़ा ऊपर तो चढ़े लेकिन निवेशकों का घाटा मुनाफे में नहीं बदला। रिकवर होने के बाद भी शेयर का भाव 131.25 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंचा। यानी की निवेशकों को फायदा तो नहीं हुआ लेकिन उनका 12 फीसदी से अधिक का घाटा करीब 8 फीसदी तक आ गया।

कंपनी के 51.82 करोड़ रुपये के आईपीओ को निवेशकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था यही कारण रहा कि ओवरऑल यह आईपी 273.50 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित हिस्सा 129.72 गुना, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स । (एनआईआई) का हिस्सा 554.42 गुना और खुदरा निवेशकों का हिस्सा 235.06 गुना भरा था। सब्सक्रिप्शन के लिए ये आईपीओ 5-7 मार्च तक खुला था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 36.24 लाख नए शेयर जारी हुए हैं।

कंपनी की स्थापना साल 2019 में हुई थी। ये कंपनी खास तौर पर चावल, दाल, गेहूं, मसाले और बाजरा की प्रोसेसिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी बनाती है। इसके प्रोडक्ट्स का नाइजीरिया, बांग्लादेश, केन्या और नेपाल को निर्यात होता है। वित्तीय सेहत की बात करें तो वित्त वर्ष 2023 में कंपनी को 7.68 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने लॉन्च किया बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट्स

मुंबई। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़बड़ौदा (बैंक) ने आज बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ की घोषणा की और इस योजना के तहत प्राप्त होने वाली जमा राशि का उपयोग उपयुक्त पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं तथा क्षेत्रों की फाइनेंसिंग के लिए किया जाएगा।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट्स के तहत, ग्राहकों को अलग-अलग समय सीमा में निवेश पर आकर्षक ब्याज दरों का लाभ उठाने के साथ-साथ भारत के हरित एवं दीर्घकालिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने का अवसर मिलता है। बैंक सालाना 7.15त्न तक की ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है। आम नागरिक/निवासी भारतीय, एनआरआई एवं उच्च मालियत वाले व्यक्ति निवेशक बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में निवेश कर सकते हैं।

इस अवसर पर बैंक ऑफ़बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री देबदत्त चांद ने कहा, बैंक ने अपने परिचालन कार्यों में संवहनीयता को अपनाने की दिशा में काफी अधिक प्रगति की है, जिसमें जोखिम प्रबंधन, गवर्नेंस व्यवस्था, सामाजिक दायित्व और पर्यावरणीय प्रभाव के प्रति हमारे दृष्टिकोण शामिल हैं। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ से निवेश करने वाले ग्राहकों को स्थायी और सुरक्षित रिटर्न पाने के साथ-साथ धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देने का दोहरा लाभ मिलता है। भारत के अग्रणी बैंकों में से एक होने के नाते, बैंक ऑफ़बड़ौदा अपने ईएसजी मैंडेट को आगे बढ़ाने और ग्रीन फाइनेंसिंग के अपने पोर्टफोलियो के दायरे का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैंक ऑफ़बड़ौदा ने अपने बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में नयापन लाते हुए विशेष समयावधि की पेशकश की है, जो धरती की जलवायु और संवहनीयता के लक्ष्यों की ओर संकेत करते हैं, जैसे कि 1.5 वर्ष की समयावधि ङ्क वैश्विक तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को दर्शाती है, जबकि 1717 दिनों की समयावधिङ्क संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों पर दोगुना बल देती है।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का आबंटन उपयुक्त हरित परियोजनाओं/क्षेत्रों को किया जाएगा, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, सतत जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा कुशलता, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण, ग्रीन बिल्डिंग, जैव विविधता संरक्षण आदि शामिल हैं।

सोना हुआ महंगा, चांदी हुई सस्ती

नईदिल्ली। सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोना 65,500 हजार रुपये और चांदी 73,800 रुपये के करीब कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।

सोने के वायदा भाव में आज तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट आज 29 रुपये की तेजी के साथ 65,520 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 66 रुपये की तेजी के साथ 65,547 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 65,592 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 65,466 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के

वायदा भाव ने इस महीने 66,356 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

चाँदी के दुश्मन भाव की शुरुआत आज सुस्ती रही। एमसीएक्स पर सिल्वर का फ़्लोरिडा मई स्केल आज 40 रुपये की गिरावट के साथ 73,810 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखने के समय यह खंड 85 रुपये की गिरावट के साथ 73,765 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय 73,939 रुपये प्रति व्यक्ति के भाव पर दिन का उच्चतम स्तर और 73,725 रुपये प्रति व्यक्ति के भाव पर दिन का निचला स्तर देखा गया। पिछले साल दिसंबर महीने में चांदी के शेयर भाव 78,549 रुपये किलो के भाव पर पहुंच गए थे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के सेंसेक्स भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,163.60 डॉलर प्रति शेयर भाव पर खुला। पिछ्वाड़े में 2,166.10 डॉलर था।

एयरटेल ने ग्राहकों से साथ व्यावहारिक संपर्क के लिए फ्रंटलाइन टीमों को शामिल किया, मनाया ग्राहक दिवस

रायपुर। भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (÷एयरटेल÷) ने आज देश में अपने सभी कार्यालय स्थानों पर ग्राहक दिवस मनाया। ऐसे सभी एयरटेल कर्मचारी, जो सीधे ग्राहकों से संपर्क बनाए रहते हुए काम करने की जिम्मेदारियों में नहीं थे, वे अपनी रोजमर्रा की भूमिकाओं से बाहर निकलकर ग्राहकों के सीधे बातचीत करने के लिए फ्रंटलाइन कर्मचारियों में शामिल हुए।

देश के सभी एयरटेल कार्यालय स्थानों के कर्मचारियों ने बाजारों में होम डिलीवरी इंजीनियरों, फाइबर एक्सक्यूटिव्स और रिटेल कर्मचारियों के साथ काम किया। इन कर्मचारियों में शीर्ष सीनियर लीडरशिप टीम से लेकर सभी कार्यालयों के जूनियर मैनेजर तक सभी शामिल रहे।

ग्राहक दिवस, एयरटेल की कई पहलों का एक हिस्सा है, जो ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देने के एयरटेल के सिद्धांत पर केंद्रित हैं। अपने सभी कर्मचारियों को ग्राहकों से प्रत्यक्ष मिलने-जुलने का अवसर देकर, एयरटेल का लक्ष्य ग्राहकों के दृष्टिकोण और ग्राहकों की जरूरतों खासकर उनकी चिंताओं और सुझावों को समझकर उनका कंपनी के साथ जुड़ाव बढ़ाना है। कंपनी को विश्वास है कि ÷ग्राहक दिवस÷ हमारी कंपनी में विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को ÷देखने-समझने का नया नज़रिया÷ देगा और पूरे संगठन में ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए काम करने की लगन जगाने के लिए नई मानसिकता और संस्कृति को उजागर करेगा।

मारुति सुजूकी को रेल से मिला कार ढुलाई में सहारा

नईदिल्ली । मारुति सुजूकी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी (कॉर्पोरेट मामले) राहुल भारती ने बताया कि अगर गुजरात के हंसलपुर संयंत्र में रेल का बुनियादी ढांचा स्थापित नहीं किया गया होता तो उसे क्षमता संबंधी बाधा का सामना करना पड़ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हंसलपुर संयंत्र में भारत की पहली इन-प्लांट ऑटोमोबाइल रेलवे साइडिंग का उद्घाटन किया। इस साइडिंग की बदौलत मारुति रेलवे के जरिये सालाना 3,00,000 कारों की ढुलाई कर सकेगी। इस पूरी परियोजना की लागत 1,081 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहें तो भले ही हमें इस परियोजना के कारण कुछ न बच रहा हो, लेकिन फिर भी हमें काफी खुशी होगी क्योंकि इससे हमें बड़ा पैमाना

मिल रहा है। यह कारों की ढुलाई का बहुत ही सुरक्षित, कुशल और स्वच्छ तरीका है। अगर रेल का बुनियादी ढांचा नहीं होता तो हमें क्षमता संबंधी बाधा झेलनी पड़ती। वित्तीय बचत के बिना भी यह कारों के परिवहन का बेहतर तरीका है।

रेलवे साइडिंग का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि केवल दो महीने पहले ही देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने कहा था कि वह अपनी वार्षिक विनिर्माण क्षमता 7,50,000 से बढ़ाकर 10 लाख तक करने के लिए 3,200 करोड़ रुपये की लागत से हंसलपुर संयंत्र में नई उत्पादन लाइन स्थापित करेगी।

खेल, मनोरंजन

उमेश यादव हैं आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाले तेज गेंदबाज

नईदिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें संस्करण का रोमांच 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है।इस प्रारूप में वैसे तो बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहता है, लेकिन गेंदबाज भी कई बार चौंकाने वाले प्रदर्शन कर सबको चौंका देते हैं।इस साल गुजरात टाइंटस का हिस्सा बने तेज गेंदबाज उमेश यादव ने भी कई चौंकाने वाले प्रदर्शन किए हैं।यही कारण है कि वह आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाले तेज गेंदबाज हैं।

उमेश ने आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक 10 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड अपने नाम किए हैं।सूची में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह (8) दूसरे, लसिथ मलिंगा, आशीष नेहरा और जयदेव उनादकट (6-6) संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।इसी तरह ढ्ढक्क में सबसे ज्यादा बाद यह अवार्ड जीतने का रिकॉर्ड एबी डिविलियर्स के नाम हैं, उन्होंने 25 बार यह कारनामा किया है। सूची में क्रिस गेल (22) दूसरे और रोहित शर्मा (19) तीसरे नंबर पर हैं।

उमेश ने 2010 में आईपीएल करियर का आगाज किया था। वह अब तक 141 मैच की 140 पारियों में 136 सफलताएं प्राप्त कर चुके हैं।इस दौरान उनकी औसत 30.04 की और इकॉनमी 8.38 की रही है। 4/23 लीग में उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े हैं।उन्होंने आईपीएल में 3 बार 4 विकेट लने का कारनामा किया है।वह इस लीग में अब तक दिल्ली कैपिटल्स , रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

आईपीएल इतिहास में पीयूष चावला के गेंदों पर पड़े हैं सर्वाधिक छक्के

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगाज 22 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले मैच से होगा।इसके साथ ही दर्शकों को फिर से चौको-छक्कों की बारिश देखने को मिलेगी।इस प्रारूप में गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती छक्कों से बचने की होती है। आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक छक्के मुंबई इंडियंस के स्पिनर पीयूष चावला की गेंदों पर पड़े हैं।आइए उनके आंकड़े जानते हैं।

पीयूष आईपीएल इतिहास में 200 छक्के खाने वाले पहले गेंदबाज हैं। उनके खिलाफ अब तक 201 छक्के पड़ चुके हैं।सूची में रविंद्र जडेजा और पीयूष (193-193) दूसरे, रविचंद्रन अश्विन (184) तीसरे, अमित मिश्रा (182) चौथे, ड्वेन ब्रावो (155) 5वें और सुनील नरेन (149) छठे नंबर पर हैं।इसी तरह कीरोन पोलार्ड ने मिश्रा के खिलाफ

सर्वाधिक 14 छक्के जड़े हैं। सूची में आंद्रे रसेल (12 बनाम मोहम्मद शमी) दूसरे, गेल (11 बनाम पीयूष) तीसरे नंबर पर हैं।

चावला के नाम आईपीएल में 181 मैचों में 7.90 की इकॉनमी से कुल 179 विकेट हैं, जो लीग में तीसरे सर्वाधिक हैं।उन्होंने साल 2021 से उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 8.20 की इकॉनमी से 23 विकेट झटके हैं। बीच के ओवरों (7-15) में उन्होंने 7.82 की इकॉनमी से 122 झटके हैं, जो दूसरे सर्वाधिक हैं।उन्होंने पावरप्ले में 7.71 की इकॉनमी से 20 विकेट चटकाए हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल में करेगी पाकिस्तान का दौरा, खेलेगी 5 टी-20 मैचों की सीरीज

नईदिल्ली । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल में पाकिस्तान के दौरे पर जाएगी, जहां वह 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी।यह दोनों देशों के लिए टी-20 विश्व कप से पहले तैयारी के लिहाज से आखिरी सीरीज होगी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को पूरे दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों देशों के बीच यह सीरीज 18 से 27 अप्रैल के बीच खेली जाएगी।न्यूजीलैंड का यह पिछले 17 महीनों में पाकिस्तान का तीसरा दौरा होगा।

पाकिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला ने कहा, पीसीबी और न्यूजीलैंड क्रिकेट के बीच अटूट सौहार्द के प्रमाण में हमें न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के 2024 में पाकिस्तान दौरे का कार्यक्रम पेश करते हुए खुशी हो रही है। यह दौरा गहरे संबंधों और आपसी सम्मान का प्रतीक

है।उन्होंने आगे कहा, हमें उम्मीद है कि एक और प्रतिस्पर्धी सीरीज होगी, जो टी-20 विश्व कप 2024 के लिए हमारी तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कार्यक्रम के अनुसार, न्यूजीलैंड टीम 14 अप्रैल को पाकिस्तान पहुंचेगी और 16-17 अप्रैल को अभ्यास करेगी।इसके बाद सीरीज का पहला मैच 18 अप्रैल, दूसरा मैच 20 अप्रैल को और तीसरा मैच 21 अप्रैल को खेला जाएगा। ये तीनों मैच रावलपिंडी स्टेडियम में खेले जाएंगे।इसके बाद चौथा टी-20 मैच 25 और 5वां 27 अप्रैल को खेला जाएगा। ये दोनों मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेल जाएंगे।

शैतान के साये में रहा बॉक्स ऑफिस, 60 करोड़ के पार हुई फिल्म

'शैतान' एक ऐसे पिता की कहानी है जो शैतानी ताकतों के वश में आ चुकी अपनी बेटी को बचाने की खातिर जी जान लगा देता है. 'शैतान' में अजय देवगन एक बार फिर अपने फैमिली मैन वाले अंदाज में नजर आए हैं. वहीं आर माधवन ने अपने खौफनाक किरदार से दशहत फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. एंटरटेनमेंट के फुल पैकेज वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल का परफॉर्म किया है और रिलीज के तीन दिन में ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.

वहीं वीकेंड के बाद भी 'शैतान' के साये से ऑडियंस वीकडेज में भी बच नहीं पाई है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है.

अजय देवगन और आर माधवन स्टारर 'शैतान' रिलीज के पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है. इस हॉरर थ्रिलर को ऑडियंस का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. इस फिल्म की ओपनिंग काफी दमदार रही थी और वीकेंड पर तो इस फिल्म ने तूफानी कलेक्शन किया.

फिल्म की कमाई की बात करें तो जियो



स्टूडियो के आंकड़ों के मुताबिक 'शैतान' ने रिलीज के पहले दिन 15.21 करोड़ कमाए थे. इसके बाद शनिवार को फिल्म की कमाई में 27.12 फीसदी का उछाल आया और इसने 19.18 करोड़ का कलेक्शन किया.

आर्टिकल 370 की घटी कमाई, लाखों में सिमटा कलेक्शन

यामी गौतम की 'आर्टिकल 370' को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है. इस पॉलिटिकल ड्रामा की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी इसके बाद से को फिल्म को लेकर दर्शकों में और ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गई थी. वहीं जब 'आर्टिकल 370' सिनेमाघरों में पहुंची तो इसने ऑडियंस का दिल जीत लिया और इसी के साथ इस फिल्म ने खूब कारोबार भी किया. यहां तक कि हालिया रिलीज अजय देवगन की 'शैतान' के तूफान के आगे भी 'आर्टिकल 370' बेखौफ होकर करोड़ों में कलेक्शन कर रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को कितना कारोबार किया है

'आर्टिकल 370' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अब तीसरा हफ्ता चल रहा है. कश्मीर में अनुच्छे 370 हटाने की घटना पर बेस्ड इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और इसी के साथ ये खूब कमाई भी कर रही है. बेहद कम बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी लागत से कई गुना ज्यादा

कमाई कर ली है और रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी इसका तूफानी कलेक्शन जारी है.

फिल्म की कमाई की बात करें तो 'आर्टिकल 370' ने 5.9 करोड़ से ओपनिंग की थी और इसके पहले हफ्ते का कलेक्शन 35.6 करोड़ रुपये रहा. वहीं दूसरे हफ्ते में 'आर्टिकल 370' ने 22.3 करोड़ की कमाई की. अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते है. जहां इसने रिलीज के 15वें दिन यानी थर्ड फ्राइडे को 1.65 करोड़ का कलेक्शन किया तो वहीं तीसरे शनिवार फिल्म ने 66.67 फीसदी के उछाल के सात. 2.75 करोड़ की कमाई की. वहीं थर्ड संडे फिल्म ने 23.64 फीसदी की

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का सिरमौर बनेगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जन आभार यात्रा में हुए शामिल

विदिशा लोक सभा क्षेत्र और भोजपुर विधानसभा क्षेत्र ने देश को नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण जनप्रतिनिधि प्रदान किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंडीदीप में 65 करोड़ 55 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से रहे उपस्थित

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोजपुर स्थित शिवलिंग देश की समृद्ध स्थापत्य कला को अभिव्यक्त करता है। सौभाग्य का विषय है कि विदिशा लोकसभा क्षेत्र को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई स्व. राजमाता सिंधिया, स्व. श्रीमती सुषमा स्वराज का और भोजपुर विधानसभा क्षेत्र को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री सुंदरलाल पटवा का नेतृत्व प्राप्त हुआ। इन क्षेत्रों ने देश को नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण जन-प्रतिनिधि प्रदान किए। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश की प्रगति के लिए सभी राज्यों को पर्याप्त संसाधन और राशि उपलब्ध करा रहे हैं, उनके नेतृत्व में निश्चित ही भारत विश्व का सिरमौर बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडीदीप में 65 करोड 53 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विशाल माला पहनाकर किया गया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जन-प्रतिनिधियों द्वारा बड़ी विशाल माला पहनाकर तथा रायसेन जिले के खिलाड़ियों द्वारा हॉकी भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया गया।

भोजपुर क्षेत्र के विकास और जन सुविधाओं से संबंधित मांगे पूर्ण की जाएंगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से ही रानी कमलापति देश के सर्वश्रेष्ठ रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित हुआ। उनकी इच्छा शक्ति और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरुप ही प्रदेश को केन-बेतवा, पार्वती-काली सिंध-चंबल परियोजना की सौगात प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधायक श्री सुरेंद्र पटवा द्वारा रखी गई भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास और जन सुविधाओं से संबंधित सभी मांगे पूर्ण की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हितग्राही मूलक योजनाओं के हित लाभ भी वितरित किए।

प्रदेशवासी विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में हर संभव योगदान दें

पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश विकसित हो, प्रदेशवासी आगे बढ़ें और हम जनता की बेहतर सेवा कर सकें, इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सरकार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कोविड काल की चुनौती का सामना करते हुए न केवल देशवासियों को सुरक्षित रखा अपितु विश्व के कई देशों में भी लोगों की जान बचाई। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में विकास की धारा निरंतर प्रवाह मान है। श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में हर संभव योगदान प्रदान करने के लिए प्रदेशवासियों का आव्हान किया।

डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास के नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं

कार्यक्रम में भोजपुर विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लगातार विकास के नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा भौगोलिक विकास के साथ-साथ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की सेवा का कार्य जारी है, उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है। विधायक श्री पटवा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से निकालकर विकसित राज्य की श्रेणी में लाने का काम किया है और अब मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मध्यप्रदेश को विकास के क्षेत्र में नम्बर वन बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का क्षेत्र के विकास के लिए आभार मानते हुए विधायक श्री पटवा ने कहा कि औबेदुल्लागंज विकासखण्ड अंतर्गत तीन करोड़ 25 लाख रूपए लागत से पांच उप स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं जो तामोट, विद्यागोरी, सलकनी, सेमरीकला तथा झिरपई में बनेंगे। इनके अलावा चिकलोद में डेड़ करोड़ रूपए का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि आज 65.55 करोड़ के विकास कार्यो का भूमि-पूजन, शिलान्यास किया गया है। साथ ही लगभग चार करोड़ के सिविल अस्पताल का लोकार्पण भी किया गया है। इनके अलावा क्षेत्र में 280 करोड़ रूपये के विकास कार्य प्रगतिरत हैं। विधायक श्री पटवा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष क्षेत्र में ट्रामा अस्पताल, मण्डीदीप नगर में खेल स्टेडियम, राहुल नगर की बस्ती को राजस्व में शामिल करने, औबेदुल्लागंज नगर परिषद में सड़क का चौड़ीकरण, नूरनगर में बड़ी कृषि उपज मण्डी स्थापित करने, औबेदुल्लागंज और मण्डीदीप में नर्मदा लाइन, नगर परिषद सुल्तानगंज में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन सहित अन्य विकास कार्यों की मांग रखी।

जंगली सुअर के हमले में दो लोग गंभीर घायल

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन जिले में खेतों में काम कर रहे किसानों पर जंगली सुअर हमला कर रहे है। ग्रामीण इलाकों में सुअर ने दो किसानो पर हमला कर घायल कर दिया। जिसके चलते दोनों किसानो को रतलाम मेडिकल कालेज में भर्ती करना पड़ा है। उज्जैन जिले के खाचरोद तहसील के गांव ऊंचाहेड़ा में खेत में काम कर रहे हैं किसान मदन सिंह पर जंगली सुअरों ने अचानक हमला कर दिया। किसान पर जिस वक्त यह हमला हुआ वह खेत में खजूर के खूंटे काट रहा था। जंगली सूअर के हमले से बचने की कोशिश करते हुए मदन सिंह ने काफी देर तक संघर्ष किया लेकिन इसके बाद भी जंगली सुअरों ने किसान को लहू लूहान कर दिया। किसान के द्वारा आवाज लगाने पर मदद के लिए पास के खेतों में काम कर रहे कुछ लोग पहुंचे तब तक सूअर भाग चुके थे। अब तक सुअर के आतंक के चलते दो किसानो पर हुए हमले के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है।

किसानों और मजदूरों पर जानलेवा हमला कर रहे हैं सुअर-

जिले के ग्रामीण इलाकों में खेतों पर काम करने वाले किसान और मजदूर डरे हुए हैं। दरअसल खेतों में घुसकर जंगली सूअर फसल को नुकसान तो पहुंचा ही रहे हैं खेत में काम करने वाले किसान और मजदूरों पर जानलेवा हमला भी कर रहे हैं। मंगलवार को भी बांगरोद स्टेशन पर किसान आकाश को भी जंगली सुअरों ने खेत में काम करते समय हमला किया था। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई थी वन विभाग ने जंगली सुअरों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर फंदे भी लगाए हैं।

राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में नर्मदापुरम कलेक्टर की हिदायत

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने बुधवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। कलेक्टर ने स्पष्ट हिदायत दी कि अधिकारी एवं कर्मचारी राजस्व कार्य करने में रुचि नहीं ले रहे हैं एवं लापरवाही बरत रहे हैं तो ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा 31 मार्च तक कोई भी गांव के नक्शे पेंडिंग ना रहे। सभी गांव के नक्शे 31 मार्च तक बन जाएं एवं उनका प्रकाशन भी हो जाए। नक्शों के अंतिम प्रकाशन के लिए नक्शों की फाइल भी भेजें। कोई तकनीकी समस्या है तो उसे प्राथमिकता से सुलझाएं। उन्होंने बैठक में पेंडिंग प्रकरण, फसल क्षति एवं राजस्व न्यायालय के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा राजस्व महा अभियान एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की। कलेक्टर ने फसल क्षति, ओलावृष्टि एवं ओला पाला से हुई फसल नुकसान, सर्वे एवं राहत राशि के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

राजस्व अभियान की समीक्षा

कलेक्टर सोनिया मीना ने राजस्व महा अभियान के अंतर्गत सीमांकन, बंटवारा, तरमीम एवं नक्शा तरमीम के प्रकरणों की समीक्षा की। नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि वह और अधिक समय देकर सभी प्रकरणों का यथाशीघ्र समय पर निराकरण करें। जिन राजस्व अधिकारियों का प्रदर्शन ठीक नहीं है, वह विशेष शिविर लगाकर उक्त प्रकरणों का निराकरण करें। नक्शों के प्रकरणों में उल्लेखनीय प्रगति न होने पर नाराजगी प्रकट की और निर्देश दिए कि अगले 15 दिन में विशेष ध्यान देते हुए नक्शा तरमीम के प्रकरण एवं राजस्व वसूली के प्रकरण में प्रगति लाए और शत प्रतिशत राजस्व वसूली करें। ई-केवाईसी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह लगातार प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें। ई केवाईसी को खसरे से लिंक करें। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार ऐसे भू स्वामियों के नाम निकाले, जिनका खसरा केवाईसी से लिंक नहीं है। उन्हें प्राथमिकता से लिंक करें।

चुनाव से पूर्व अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें

कलेक्टर सोनिया मीना ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए सभी कार्यपालिका दंड अधिकारियों को निर्देश दिए की वे अपने क्षेत्र के अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। ऐसे व्यक्तियों पर ब्रांड ओवर की कार्रवाई भी करें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्यत्र हो गया है उनके नाम मतदाता सूची से काटते हुए उनकी जगह जो नए अधिकारी एवं कर्मचारी आए हैं उनका नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता से जोड़े। जीरो टॉलरेंस नीति का पालन करते हुए मतदाता सूची बनाएं। किसी भी क्षेत्र में किसी भी विशिष्ट व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से जुड़ने से ना छूटे। कलेक्टर ने कहा कि जो व्यक्ति मृत हो चुके हैं उनके नाम प्राथमिकता से मतदाता सूची से हटाए जाए। निर्वाचन के दौरान 24 से 72 घंटे के दौरान जो कार्रवाई होती है। उस कार्रवाई के लिए अभी से तैयारी सुनिश्चित करें। बैठक में नर्मदापुरम जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदार मौजूद थे।

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से एल एन्ड टी के अध्यक्ष एस. एन. सुब्रमण्यम ने की भेंट

भोपाल के कोलुआ से 69 अतिक्रमण हटाए

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कालुआ कलां में बुधवार को कुल 69 अतिक्रमण हटाए गए। जिला प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। ताकि, किसी प्रकार का हंगामा न हो सके। गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने बताया, उच्च न्यायालय में प्रचलित कंटेंप्ट पिटिशन 1472/2020 के आदेश के परिपालन में ग्राम कोलुआ कला के खसरा नंबर-145 में स्थित 69 अतिक्रमण हटाए गए। वहीं, लोगों के पुर्नवास के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए। एडीएम और एसडीएम की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। नगर निगम के अमले ने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत की साख बढ़ाई : मंत्री विजयवर्गीय

मनासा में 33 करोड़ रूपये से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

भोपाल/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत की साख बढ़ाई है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने आम जनता की भलाई के लिये अनेक कार्य किये हैं। मंत्री श्री विजयवर्गीय मंगलवार को नीमच जिले के मनासा में करीब 34 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकर्पण के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह कार्य मनासा नगर परिषद द्वारा कराये जा रहे हैं। इस मौके पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार एवं जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि पिछले डेढ़ महीने में अभियान चलाकर बड़ी संख्या में राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों की मदद से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये लगातार कार्य कर रही है। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश में निर्धन वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्के मकान उपलब्ध कराये जा रहे हैं। नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने इस मौके पर मनासा में 20 करोड़ रूपये की लागत से तैयार 100 बिस्तरों के सिविल अस्पताल भवन का लोकार्पण किया।

नीमच में 13.45 करोड़ रूपये के विकास कार्य

नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने नीमच में 13 करोड 45 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र में विकास के कार्य तय समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरे कराये जायेंगे।

भोपाल में कॉलेज छात्रा से एमबीबीएस छात्र ने की ज्यादती

दो साल तक संबंध रखने के बाद आरोपी ने शादी से किया इनकार , एफआईआर दर्ज

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी भोपाल के बागसेवनिया इलाके में रहने वाली युवती की दो साल पहले एक शादी समरोह के दौरान एक युवक से मुलाकात हुई। दोनों में दोस्ती के बाद प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। युवक ने खुद को एमबीबीएस छात्र बताते हुए युवती के सामने पहले प्रेम का और बाद में शादी का प्रस्ताव रखा। छात्रा ने जब हामी भर दी तो युवक ने युवती के घर जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। करीब दो साल तक शारीरिक शोषण करने के बाद पिछले दिनों उसने शादी करने से मना कर दिया। युवती ने मंगलवार को थाने पहुंचकर मामले की शिकायत कर दी। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

स्वयं को एमबीबीएस का छात्र बताता था आरोपी

पुलिस ने बताया कि 22 वर्षीय युवती बागसेवनिया इलाके में रहती तथा एक कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। दो साल पहले एक शादी समारोह में युवती की पहचान अंकित चौहान नाम के युवक से हुई थी। अंकित ने युवती को बताया कि वह सीहोर जिले का रहने वाला है तथा भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। दोनों के बीच की पहचान जल्द ही दोस्ती व बाद में प्रेम- प्रसंग में बदल गई।

कुछ दिन बाद ही युवक ने युवती को शादी प्रस्ताव दिया। इसके बाद दोनों के परिजनों के बीच बातचीत हुई तो उनकी शादी की बात तय हो गई। इसी दौरान एक दिन अंकित युवती के घर पहुंच गया। इस दौरान युवती घर में अकेली थी। जल्द ही शादी हो जाने की बात कहते हुए युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने अलग-अलग स्थानों पर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए।

पिछले दिनों अंकित युवती के घर पहुंचा तथा उसने शादी करने से मना कर दिया। युवती व उसके परिजनों ने बात को संभालने की कोशिश की। लेकिन, अंकित शादी करने के लिए तैयार नहीं हुआ। युवती ने मंगलवार को थाने पहुंचकर मामले की शिकायत कर दी। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी सीहोर जिले के शाहगंज का रहने वाला है। पुलिस की टीम जल्द ही उसकी गिरफ्तारी के लिए रवाना होगी।

मौसम मंडला-सिवनी सबसे गर्म रहे, 16 मार्च के बाद बदलेगा मौसम

मार्च में गर्मी के तेवर...5 शहरों में तापमान 36 डिग्री पार

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में अभी गर्मी का दौर रहेगा। 16 मार्च से मौसम बदलने का अनुमान है। इससे पहले, बुधवार को पांच शहर- रतलाम, दमोह, नरसिंहपुर, मंडला और सिवनी में दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक रहा। सबसे गर्म मंडला-सिवनी रहे। यहां टेम्प्रेचर 36.6 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 34.6 डिग्री, इंदौर में 33.2 डिग्री, ग्वालियर में 31.9 डिग्री, जबलपुर में 34.2 डिग्री और उज्जैन में 33.7 डिग्री रहा।

पचमढ़ी को छोड़ बाकी सभी शहरों में टेम्प्रेचर 31 डिग्री के पार ही रहा। कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट और बढ़ोतरी हुई है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो दिन तक प्रदेश में हल्के बादल छा सकते हैं। इससे टेम्प्रेचर में गिरावट भी हो सकती है। मार्च के दूसरे पखवाड़े में गर्मी के तेवर फिर से तीखे हो सकते हैं। पूर्वी हवाएं चलने से गर्मी का असर बढ़ा है।

पचमढ़ी में ही टेम्प्रेचर सबसे कम

प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में मंगलवार को सबसे कम 29.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। बाकी सभी शहरों में टेम्प्रेचर 30 डिग्री से अधिक ही दर्ज किया गया है।

मार्च के आखिरी में और बढ़ेगी गर्मी

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो मार्च के आखिरी सप्ताह में गर्मी का असर और बढ़ेगा। इस महीने के आखिरी दिनों में तेज गर्मी का ट्रेंड है। इस बार पहले पखवाड़े में ही गर्मी तेवर दिखाने लगी है। अनुमान है कि आखिरी दिनों में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

भोपाल में भी गर्मी का असर बड़ा है। रविवार को पारा 34.5 डिग्री रहा था, जबकि सोमवार को 33.3 डिग्री रहा। मंगलवार को टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी हुई और पारा 35.3 डिग्री पर पहुंच गया। बुधवार को तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान है। इसके बाद एक-दो डिग्री की गिरावट भी हो सकती है।

मंडला-दमोह सबसे गर्म रहे

मंगलवार को मंडला और दमोह सबसे गर्म रहे। पारा 36.6 डिग्री पहुंच गया।

बड़े शहरों में भोपाल में 35.3 डिग्री, इंदौर में 33.7 डिग्री, ग्वालियर में 33.4 डिग्री, जबलपुर में 34.8 डिग्री और उज्जैन में टेम्प्रेचर 34 डिग्री दर्ज किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) www.navpradeshbhopal@gmail.com